**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विज़डम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com


लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 13 अंकः 218 लखनऊ, गुरूवार 21 मार्च 2024 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## विपक्ष कट मनी की व्यवस्था चाहता है, चुनावी बांड को लेकर अमित शाह का राहुल गांधी पर वार

एजेंसी।

नई दिल्ली केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आलोचना करते हुए कहा कि वे यही चाहते हैं। बीजेपी नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक निजी मीडिया को दिए साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर अपना पक्ष रखा। चुनावी बांड पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जो भी निर्णय दिया है, वह सभी पर लागू होता है। मैं उनके फैसले का स्वागत करता हूं। मेरी व्यक्तिगत राय है कि चुनावी बांड से काला धन खध्त्म होना था। लेकिन अब इस फैसले से चुनाव के दौरान काले धन का प्रभाव बढ़ जाएगा। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत अघाड़ी इसके खिलाफ थी। केंद्रीय गृह



मंत्री अमित शाह ने आलोचना करते हुए कहा कि वे यही चाहते हैं। बीजेपी नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक निजी मीडिया को दिए साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर अपना पक्ष रखा। पहले क्या हो रहा था, पैसा नकद के रूप में आ रहा था। अगर किसी को 1500 रुपये का फंड दिया जाता था तो 1400 रुपये स्विस बैंक में जमा करा दिए जाते थे और 100 रुपये अपने पास रख लिए जाते थे। बाद में बांड आने के बाद क्या हुआ, पार्टी को पता चला कि उसे कितना फंड मिला, पैसा खाते में जमा कर दिया गया। लेकिन राहुल गांधी पुराना तरीका चाहते हैं। इसलिए पार्टी को फंड मिले या न मिले, चुनाव में पैसा खर्च न हो तो भी ठीक है, लेकिन पैसा उनके परिवार के पास जाना चाहिए। इसके लिए मोदी चुनावी बांड लेकर आये थे। 2014 में हमारी पार्टी में 81 फीसदी फंडिंग कैश में थी। खाते में कोई 20 हजार रुपये भी जमा कर रहा था। 2018 में यही अनुपात 17 फीसदी हो गया।

2023 में यह अनुपात घटकर 3 फीसदी रह गया है। हमने इसे कम कर दिया। हमने एक व्यवस्था शुरू की थी, यह गुप्त रखा जाता था कि कौन किसको भुगतान करता है। लेकिन इसमें किस कंपनी ने कितनी ध्नराशि नकद के रूप में दी, यह भी अब गुप्त रहेगा। इसलिए अमित शाह ने आलोचना करते हुए

## लोकसभा चुनाव जारी हुई निर्वाचन की अधिसूचना, पहले दिन यूपी में किसी भी प्रत्याशी ने नहीं किया नामांकन

लखनऊ

लोकसभा के पहले चरण के मतदान के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी हो गई। प्रदेश की आठ सीटों में पहले चरण में मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिए बुधवार को निर्वाचन की अधिसूचना जारी हो गई। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई, हालांकि पहले दिन किसी भी सीट पर नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया।उन्होंने बताया कि पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत में चुनाव होना है। इनमें से सात सामान्य श्रेणी, जबकि नगीना अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन सीटों पर नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। वहीं 30 मार्च को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को संपन्न होगा। पहले चरण की आठ सीटों में कुल 1.43 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 76. 23 लाख पुरुष, 67.14 लाख महिला तथा 824 थर्ड जेंडर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7693 मतदान केंद्र तथा 14844 मतदेय स्थल हैं। लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा है कि इंडिया गठबंधन को छोड़कर भाजपा के एजेंट ही




गए हैं। रालोद और चौधरी चरण सिंह के नाम का प्रयोग कर रहे लोग भाजपा के साथ गए हैं। यह देश को बचाने का आखिरी चुनाव है। अगर इस चुनाव में एनडीए गठबंधन 400 पार गया तो देश के लोकतांत्रिक संस्थान समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश बचाने के लिए लोकदल इंडिया गठबंधन के साथ है। लोकदल अभी मुंबई की रैली में शामिल हुआ है। आज देश का किसान परेशान है और 13 फरवरी से धरने पर बैठा है। एमएसपी कानून नहीं बनाया जा रहा है। अगर किसान को एमएसपी मिल जायेगी तो वह खुद ही 6000 रुपये सरकार को देगा।

## कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं है और केजरीवाल को ईडी की जांच में सहयोग देना ही होगा वीरेंद्र सचदेवा

एजेंसी

नई दिल्ली। सचदेवा ने कहा कि आज कोर्ट के फैसले के बाद अब आम आदमी पार्टी के नेता के पास कोई रास्ता बचा नहीं है और उन्हें ईडी के सम्मन पर जाना ही होगा। अगर वह फिर भी ईडी की जांच में सहयोग नहीं देते हैं तो वह दिल्ली की जनता के सब देख रही है, मतदान में फैसला देगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा आज माननीय हाई कोर्ट में ईडी द्वारा भेजे गए सम्मन को चुनौती देने के मामले की सुनवाई के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब समय आ गया है की केजरीवाल बहाने बाजी छोड़ कर ई.डी. एवं अन्य जांच ऐजेंसियों से सहयोग करें। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की केजरीवाल की खुद की अर्जी पर हाई कोर्ट की प्रारम्भिक सुनवाई से स्पष्ट है कि सभी ई.डी. सम्मन वैध थे और केजरीवाल को व्यक्तिगत थे, उनकी पार्टी से सम्मन का कोई लेना देना नही है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि कोर्ट ने अरविंद



केजरीवाल को ना प्रोटेक्शन दी, ना कल 21 मार्च के ई.डी. सम्मन पर रोक लगाई है, अब केजरीवाल को कोर्ट में पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल को जांच में सहयोग देना चाहिए और जिस प्रकार से ईडी द्वारा सम्मन भेजे जाने का कुप्रचार आम आदमी पार्टी के नेता करते रहे हैं उन सभी की आवाज आज कोर्ट के निर्देशों ने बंद कर दी है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। कोर्ट ने साफ किया कि ईडी के सम्मन पर केजरीवाल को जाना होगा। उन्होंने कहा कि यह सर्वज्ञात है कि दिल्ली में नई शराब नीति और जलबोर्ड में घोटाला हुआ है और इसका जवाब केजरीवाल को देना पड़ेगा। सचदेवा ने कहा कि आज कोर्ट के फैसले के बाद अब आम आदमी पार्टी के नेता के पास कोई रास्ता बचा नहीं है और उन्हें ईडी के सम्मन पर जाना ही होगा। अगर वह फिर भी ईडी की जांच में सहयोग नहीं देते हैं तो वह दिल्ली की जनता के सब देख रही है, मतदान में फैसला देगी।

## अखिलेश यादव की बढ़ सकती है टेंशन, अपना दल कमेरावादी ने यूपी की इन 3 सीटों पर चुनाव लड़ने का किया ऐलान

संवाददाता।

लखनऊ अपना दल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि आज गठबंधन के तहत हम अपनी तीन सीटें फूलपुर, मिर्जापुर, कौशांबी घोषित कर रहे हैं। इन तीन सीटों तक हमारी बातचीत इंडिया गठबंधन से हुई थी और हम लगातार इंडिया गठबंधन से बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की सदस्य अपना दल (कमेरावादी) आगामी लोकसभा चुनाव यूपी की तीन सीटों फूलपुर, मिर्जापुर और कौशांबी से लड़ेगी। अपना दल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि आज गठबंधन के तहत हम अपनी तीन सीटें फूलपुर, मिर्जापुर, कौशांबी घोषित कर रहे हैं। इन तीन सीटों तक हमारी बातचीत इंडिया गठबंधन से हुई थी और हम लगातार इंडिया गठबंधन से बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इन तीन सीटों के लिए हम लगातार इंडिया गठबंधन से बात कर रहे हैं।

पल्लवी पटेल इन्हीं में से किसी सीट पर चुनाव लड़ेंगी। कृष्णा पटेल ने यह भी कहा कि हम विधानसभा चुनाव से ही समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में हैं और इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। कृष्णा पटेल पल्लवी पटेल की मां हैं, जो सिराथू सीट से समाजवादी पार्टी की विधायक हैं, जहां उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को हराकर जीत हासिल की थी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने सीटों का बंटवारा तय कर लिया है जिसके मुताबिक कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और समाजवादी पार्टी 63 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। समाजवादी पार्टी ने भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को दे दी है जहां उसने ललितेश त्रिपाठी को

## राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची बीजेपी हरदीप पुरी बोले– हिंदू भावनाएं आहत हुई

एजेंसी।

नई दिल्ली राहुल के बयान को लेकर मोदी अपने हर बयान में विपक्ष पर वार कर रहे हैं। मोदी ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर मुंबई की रैली में 'शक्ति' के विनाश का बिगुल फूंकने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके लिए हर मां–बेटी 'शक्ति' का स्वरूप है और वह उनके लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे।राहुल गांधी की ष्शक्ति के खिलाफ लड़ाईष् वाली टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कांग्रेस नेता के खिलाफ भारत के चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने राहुल गांधी की टिप्पणियों को शब्दशः पढ़ा और चुनाव आयोग के समक्ष एक विस्तृत प्रस्तुति दी। राहुल गांधी ने रविवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली में कहा था, ''हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं...एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है? जैसे किसी ने यहां कहा कि राजा की आत्मा ईवीएम में है। सही है...सही है कि राजा की आत्मा ईवीएम में है... हिंदुस्तान की हर संस्था में है। ईडी में है, सीबीआई में है, आयकर विभाग में है।'' वि चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पुरी ने कहा, ष्उन्होंने जो कहा, मैंने वही पढ़ा और फिर हमने जाकर एक विस्तृत प्रस्तुति दी।ष् पुरी ने बताया कि उन्होंने कई लोगों की धार्मिक भावनाओं का अपमान किया। उन्होंने श्नारी शक्तिश का अपमान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राहुल गांधी की ष्शक्तिष टिप्पणी पर भाजपा के हमले का नेतृत्व करते हुए कहा कि जो लोग ष्शक्तिष को नष्ट करना चाहते हैं वे स्वयं नष्ट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि आप हिंदुओं की



भावनाओं आहत कर रहे हैं। ऐसी बात बोलना शर्मनाक है। मोदी ने बनाया सियासी मुद्दा राहुल के बयान को लेकर मोदी अपने हर बयान में विपक्ष पर वार कर रहे हैं। मोदी ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर मुंबई की रैली में 'शक्ति' के विनाश का बिगुल फूंकने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके लिए हर मां–बेटी 'शक्ति' का स्वरूप है और वह उनके लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में लड़ाई 'शक्ति के विनाशकों' और 'शक्ति के उपासकों' के बीच है तथा चार जून को स्पष्ट हो जाएगा कि कौन 'शक्ति' का विनाश करने वाले हैं और किसे 'शक्ति' का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आज भी मैं शक्ति की उपासना करता हूं, देश के कोटि–कोटि लोग हिंदू धर्म की इस शक्ति के उपासक हैं। मेरे लिए देश की नारी शक्ति, इसी शक्ति का प्रतिबिंब है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि 'इंडी अलायंस' के लोग इस 'शक्ति' को 'कुचलना और तबाह' करना चाहते हैं।

## सपा ने जारी की प्रत्याशियों की एक और सूची, पीलीभीत से घोषित हुआ प्रत्याशी,

संवाददता। लखनऊ

सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए एक और सूची जारी कर दी है। इस सूची में पीलीभीत से भी उम्मीदवार उतारा गया है। सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए एक और सूची जारी कर दी है। इस सूची में पीलीभीत से भी उम्मीदवार उतारा गया है। इस सूची में



संभल से जियाउर्रहमान बर्क, बागपत से मनोज चौधरी, गौतम बुद्ध नगर से राहुल अवाना, पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार, घोसी से राजीव राय और मिर्जापुर से राजीव एस बिंद को टिकट दिया गया है। अपना दल कमेरावादी जिस मिर्जापुर सीट से टिकट मांग रही थी, उस पर राजेंद्र एस बिंद को उतारा। बरेली लोकसभा सीट से पिछली बार सपा के प्रत्याशी रहे भगवत शरण गंगवार को इस बार पीलीभीत से टिकट दिया। अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि हम शुरू से ही इंडिया गठबंधन में हैं। गठबंधन की बैठकों में शामिल होते रहे हैं और हमारी पार्टी ने फूलपुर, कौशांबी और मिर्जापुर सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। पल्लवी पटेल इन्हीं में से किसी सीट पर चुनाव लड़ेंगी।

## अमेठी लोकसभा दिल्ली पहुंचे नेता, बोले- राहुल या प्रियंका ही लड़ें वहां से चुनाव, स्थानीय नेता मंजूर नहीं

लखनऊ

अमेठी सीट को लेकर प्रत्याशी अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। जिले से गांधी परिवार के ही सदस्य को चुनाव का टिकट देने की मांग के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे हैं। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने प्रियंका गांधी, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मुलाकात की। जहां उन्होंने अमेठी से राहुल या प्रियंका गांधी को ही टिकट देने की मांग की है। इन नेताओं ने इन दोनों चेहरों के अलावा किसी और



स्थानीय नेता को टिकट ना देने की बात कही है। अमेठी में कांग्रेस पार्टी के टिकट का कौतूहल बढ़ता जा रहा है। स्थानीय स्तर पर कांग्रेस पार्टी के साथ ही भाजपा व सपा के नेताओं के नाम भी उछाले जा रहे हैं। फिलहाल कांग्रेस की ओर से गांधी परिवार की ही मांग व दावा किया जा रहा है।

इन्हीं सब के बीच युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपने साथियों के साथ दिल्ली दस जनपथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचे हैं। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने बताया कि प्रियंका गांधी से उनकी मुलाकात मंगलवार की शाम को हुई। जहां उन्होंने जिले के वर्तमान हालात से अवगत कराया। गांधी परिवार से टिकट दिए जाने की मांग की। जिला अध्यक्ष के अनुसार उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय ने बताया कि सब लोग चाहते हैं कि अमेठी से राहुल गांधी या प्रियंका गांधी ही चुनाव लड़ें। इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

## होली पर ट्रेन टिकट यूपी के लिए रेगुलर ट्रेनों में बढ़ी वेटिंग लिस्ट, इन स्पेशल गाड़ियों में अभी भी सीटें खाली

लखनऊ

ज्तंपद जपबामजे वद भ्वसपरू होली पर यूपी लौटने की सोच रहे लोगों के लिए समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। रेगुलर ट्रेनों की वेटिंग रोजाना बढ़ रही हैं हालांकि कुछ ट्रेनें ऐसी हैं जिनमें अभी भी गुंजाइश है। यदि आप होली पर घर आना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है। होली पर पैसेंजरों की आवाजाही के लिए रेगुलर ट्रेनों में सीटें फुल हैं। लंबी वेटिंग चल रही है। वहीं होली स्पेशल ट्रेनों में सैकड़ों सीटें खाली हैं, जिससे यात्रियों को लाभ मिल रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेनों में खाली सीटों की डिटेल जारी की गई है। सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि यात्री इन सीटों पर तत्काल और एडवांस में सीटों की बुकिंग करा सकते है। ये ट्रेनें लखनऊ या वाया लखनऊ चलने वाली हैं। 22 मार्च को गोमतीनगर सिकंदरबाद में सेकेंड एसी में 22, थर्ड एसी में 210, स्लीपर में 398 बर्थ और चेयरकार में 144 सीटें, 26 को सिकंदराबाद गोमतीनगर में सेकेंड एसी में 18, थर्ड एसी में 203, स्लीपर में 432 बर्थ, 21 मार्च को छपरा गोमतीनगर की सेकेंड एसी में 29, थर्ड एसी 347, स्लीपर में 182 और



चेयरकार में 363 सीटें, 23 को छपरा गोमतीनगर की सेकेंड एसी में 15, थर्ड एसी में 282 बर्थ, 25 को छपरा गोमतीनगर की सेकेंड एसी में 31, थर्ड एसी में 364, स्लीपर में 257 और चेयरकार में 529 सीटें, 27 को छपरा गोमतीनगर की सेकेंड एसी में 31, थर्ड एसी में 364, स्लीपर में 255 बर्थ और चेयरकार में 530 सीटें रिक्त हैं। 24 को 05023 गोरखपुर आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल, 31 को 05023 आनन्दविहार गोरखपुर, 22 को 05053 बांद्रा टर्मिनस स्पेशल, 29 को 05053 बांद्रा टर्मिनस स्पेशल की सेकेंर्ड श्रेणी चेयरकार में 1236 सीटें, 27 को 05005 अमृतसर स्पेशल ट्रेन में सीटें खाली हैं। ऐसे ही वाराणसी से आनन्दविहार जाने वाली स्पेशल ट्रेन में 26 मार्च, 05097 टनकपुर दौराई स्पेशल व लालकुआं से राजकोट से 24 और 31 को चलने वाली स्पेशल ट्रेन में सीटें खाली हैं। रोडवेज की एसी बसें खाली होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए एसी बसों का संचालन किया जा रहा है। 21 से 24 मार्च तक लखनऊ से कई शहरों के बीच चलने वाली एसी बसों में सीटों खाली है। यह बसें आलमबाग और कैसरबाग दिल्ली, बरेली, सहारनपुर, देहरादून, बलिया, वाराणसी, गोरखपुर, प्रतापगढ़ रूट पर चलाया जाएगा।

## स्वामी प्रसाद बोले सपा में वापस लौटने का सवाल नहीं उठता, किसी पार्टी में विलय के लिए नहीं बनाया दल

लखनऊ

सपा छोड़ चुके स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि वह इंडिया गठबंधन के साथ हैं लेकिन सपा में वापस जाने का कोई सवाल नहीं उठता। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने बीजेपी को जमकर कोसा और कहा कि संविधान को बचाना है तो बीजेपी को हराना है। स्वामी ने इंडिया गठबंधन को अपना समर्थन देने की बात कही है। कहा कि पार्टी किसी दल में विलय की

# बदायूं की घटना पर राजनीति न करे सपा – केशव प्रसाद मौर्य



लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी बदायूं की घटना पर राजनीति न करे। उस मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है।उप मुख्यमंत्री ने अपने एक्स एकाउंट पर पोस्ट किया कि सपा में नैतिकता नाम की कोई चीज बची है तो बदायूं मामले में राजनीति न करे, वैसे सपा और अपराधियों का संबंध यूपी का बच्चाकृबच्चा जानता है। यह बहुत पीड़ादायक जघन्य अपराध है,दो अबोध बच्चों की निर्मम हत्या की गई है। केशव प्रसाद मौर्य ने लोगों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील की है।भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि बदायूं की घटना हैरान करने वाली है। अगर सपा सरकार होती तो अपराधियों को संरक्षण मिलता। हमारी सरकार ने एनकाउंटर किया ।राकेश त्रिपाठी ने कहा कि बदायूं की घटना पर सपा घटिया राजनीति कर रही है। योगी सरकार में अपराधियों के खिलाफ कठोरता से कार्रवाई हो रही बदायूं कांड में भी अपराधी के साथ पूरी कठोरता बरती गई है।गौरतलब है कि बदायूं की मंडी समिति पुलिस चौकी से 500 मीटर दूर बाबा कॉलोनी में मंगलवार की शाम ठेकेदार विनोद ठाकुर के दो बेटों आयुष (13) और अहान (6) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। उनके मकान के सामने हेयर सैलून चलाने वाले साजिद ने अपने दो साथियों के साथ वारदात को अंजाम दिया। वारदात के तीन घंटे के बाद पुलिस ने मौके से करीब दो किमी दूर घेराबंदी कर आरोपी साजिद को मुठभेड़ में मार गिराया है।

मुठभेड़ में इंस्पेक्टर गौरव विश्नोई भी घायल हुए हैं।

# डीआरएम ने लगाई संरक्षा कर्मियों की पाठशाला

## जौनपुर सिटी, सुल्तानपुर व अयोध्या कैंट के रेल कर्मी हुए पुरस्कृत

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के संरक्षा विभाग द्वारा डीजल शेड लखनऊ में स्थित प्रशिक्षण केंद्र में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें डीआरएम एसएम शर्मा पहुंचे और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी कुलदीप तिवारी के देखरेख में सम्पूर्ण मण्डल से आए संरक्षा कोटि के 100 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस संगोष्ठी में सिग्नलिंग नियमों की जानकारी दी गई। खुद डीआरएम ने इन लोगों को संरक्षित रेल परिचालन करना, गाड़ी के लोको, रैकों की शंटिंग में बरती जाने वाली सावधानियां और पालन की जाने वाली प्रक्रिया, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां व संरक्षा कार्यालयों और कार्यस्थल पर बरती जाने वाली संरक्षा संबंधी बातों और संरक्षा नियमों का पूर्ण पालन करने को लेकर कहा।साथ ही बताया कि गर्मी के मौसम में बरती जाने वाली संरक्षा संबंधी अतिरिक्त व्यवस्थाओं को स्थापित करना जैसे अनेक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वालों में चन्द्र प्रकाश सिंह, स्टेशन अधीक्षक जौनपुर सिटी,रमेश कुमार यादव, तकनीशियन–1ध् कै.एंडवैगन डिपोध्सुल्तानपुर, संजय कुमार, प्वाइंट्समैनध् प्रयाग, नीरज कुमार श्रीवास्तव, ट्रेन मैनेजरध्अयोध्या कैंट, पवन कुमार, सहायक लोको पायलटध् गुड्सध्अयोध्या कैंट एवं राजेंद्र कुमार, सहा. लोको पायलटध् अयोध्या कैंट को पुरस्कृत किया गया।

# अपर महाप्रबंधक ने गोमतीनगर टर्मिनल स्टेशन का किया दौरा

लखनऊ(आरएनएस )। पूर्वात्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के स्टेशनों पर हो रहे पुनर्विकास कार्यों को त्वरित गति से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से बुधवार को एनईआर के महाप्रबन्धक दिनेश कुमार सिंह ने डीआरएम आदित्य कुमार तथा मुख्य परियोजना प्रबन्धक राघवेन्द्र कुमार व मण्डल के शाखाधिकारियों के साथ लखनऊ मण्डल परिक्षेत्र के गोमतीनगर, डालीगंज जं. और ऐशबाग जं. रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया तथा मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक की।उन्होंने सम्बोधन में संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रेल पथों का अनुरक्षण, चलस्टॉक, सिगनल और विद्युत से जुडे कार्य शीर्ष वरीयता पर किए जाने पर जोर दिया। साथ ही माल लदान को प्राथमिकता देने के साथ–साथ बिजनेस डेवलपमेंट जैसे अनेक विषयों पर चर्चा की।एजीएम ने गोमतीनगर स्टेशन परिसर में नवनिर्मित नॉर्थ टर्मिनल बिल्डिंग, वाणिज्यिक ब्लॉक एवं फ्लाईओवर तथा एयर कोनकोर्स का अवलोकन किया। इसके बादा आरएलडीए के मुख्य परियोजना प्रबन्धक सुधीर सिंह ने प्रथम इंट्री पर चल रहे आधारभूत कार्यों से उन्हें अपडेट किया। उन्होंने डालीगंज जं. और ऐशबाग जं. रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध प्रदत्त यात्री सुविधाओं, सकुर्लेटिंग एरिया तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चल रहे विकास परक परियोजनाओं को भी देखा।

# सिर चोट को रोकने में हेलमेट पहनना जरूरी–प्रो.धीमन

## संस्थान परिसर में चलाया जन जागरूकता अभियान

लखनऊ(आरएनएस )। सिर चोट रोकने के लिए डॉक्टरों ने वॉकथान कर जन जगरूकता अभियान चलाया। बुधवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान निदेशक प्रो. आरके धीमन के निर्देशन में एपेक्स ट्रॉमा सेंटर न्यूरोसर्जरी विभाग के सहयोग से शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास विभाग ने विश्व सिर चोट दिवस पर डॉक्टरों ने वॉकथान किया। जिसका उद्देश्य सड़क यातायात दुर्घटनाओं से सिर की चोट की रोकथाम के बारे में जागरूक करने के लिए किया गया। जिसमें संस्थान निदेशक प्रो.आरके धीमन ने संबोधित करते हुए कहा कि सड़क यातायात दुर्घटनाओं में सिर की चोट को रोकने के लिए हेलमेट पहनना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बचपन से ही यातायात नियमों का पालन करना सिखाया जाना चाहिए। साथ ही न्यूरोसर्जरी के विभाग के प्रमुख प्रो.अवधेश जयसवाल ने बताया कि सिर की चोट के पीड़ितों के जीवन को बचाने के लिए उचित उपचार शीघ्र शुरूआत महत्वपूर्ण है।प्रो.अरुण श्रीवास्तव ने सड़क यातायात दुर्घटनाओं और संबंधित सिर की चोटों की घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों के सख्त कार्यान्वयन और सख्त पालन पर जोर दिया। ज्ञात हो कि इसमें एसजीपीजीआई और एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के विभिन्न संकाय, रेजिडेंट डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ शामिल हुए। इसी क्रम में सिर की चोट से पीड़ित रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों के साथ एक पैनल चर्चा के साथ जागरूक किया गया।डॉक्टरों की चर्चा में सिर की चोट, निदान और उपचार, जागरूकता फैलाने के लिए किया गया। ऐसे रोगियों के चोट से पूर्व के स्तर पर पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया गया था। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी प्रो. अरुण श्रीवास्तव ने किया और बताया कि किसी भी प्रकार की दर्दनाक मस्तिष्क की चोट और सिर की चोट के बाद शीघ्र पुनर्वास अत्यंत महत्वपूर्ण है। एडीशनल चिकित्सा अधीक्षक प्रो. आर हर्षवर्धन ने बताया कि पुनर्वास चिकित्सा का उद्देश्य रोगियों को उनकी दैनिक गतिविधियों में यथासंभव स्वतंत्र बनाना और उन्हें जल्द से जल्द समाज में फिर से एकीकृत करना है।वहीं पीएमआर के एसोसिएट प्रो. सिद्धार्थ राय ने कहा कि ऐसे गंभीर रूप से बीमार मामलों में जल्दी ठीक होने, जटिलताओं और विकलांगता को कम करने के लिए शीघ्र हस्तक्षेप और पुनर्वास बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी बताया कि दीर्घकालिक पुनर्वास से मरीजों और उनके परिवार पर इलाज की लागत कम करने में मदद मिलती है। पीएमआर विशेषज्ञता किसी भी प्रकार की न्यूरोलॉजिकल कमजोरी और पक्षाघात वाले रोगियों की देखभाल के लिए चिकित्सा और पैरामेडिकल उपचार दृष्टिकोण दोनों के साथ समग्र देखभाल प्रदान करती है। कार्यक्रम पैनल चर्चा में सीनियर रेजिडेंट डॉ. स्निग्धा मिश्रा, डॉ. अंजना, वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट ब्रजेश त्रिपाठी, कमल भट्ट, मधुकर दीक्षित, अंकिता कर्ण मौजूद रहे।

# आयुर्वेद अस्पताल में लगा स्वर्ण प्राशन शिविर



लखनऊ।(आरएनएस ) राजधानी के आयुर्वेद अस्पताल में स्वर्ण प्राशन शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को टुड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेद कालेज में पुष्य नक्षत्र के उपलक्ष्य में स्वर्ण प्राशन शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्रो माखन लाल द्वारा किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य ने भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके पश्चात उन्होंने बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया। साथ ही प्रो.माखन लाल ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्ण प्राशन कराने से बच्चों में होने वाली समस्याओं से छुटकारा मिलता है जैसे बदलते मौसम में होने वाली सर्दी जुकाम,खांसी, बुखार, दस्त उल्टियां आना काफी हद तक कम हो जाती हैं।डॉ. रमेश कुमार गौतम ने बताया कि जिन बच्चों को बार–बार पसली चलने पर सुरक्षा कवच का कार्य करता है। वहीं बालरोग विभागाध्यक्ष डॉ. महेश नारायण गुप्ता ने बताया कि जिन बच्चों को भूख नहीं लगती, स्वास्थ्य बेहतर न होना, वजन न बढ़ रहा हो, शरीर में ताकत नहीं आ रही है ऐसे बच्चो को स्वर्ण प्राशन कराने से आशा के अनुरूप लाभ मिलता है और शरीर का ठीक ढंग से विकास होने लगता है।इसी क्रम में अधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र ने बताया कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्वर्ण प्राशन अस्पताल में हर महीने अवश्य कराएं। डा लक्ष्मी ने बताया कि जो बच्चे मानसिक रूप से कमजोर है उनमें भी स्वर्ण प्राशन से बुद्धि का विकास होता है। शिविर के दौरान शैलेंद्र कुमार राय , महेंद्र सिंह एवं पीजी स्टूडेंट मौजूद रहे।

# आपसी विवाद में चली गोली

लखनऊ(आरएनएस )। राजधानी के आलमबाग थाना क्षेत्र के सुजानपुरा क्षेत्र मे दो पक्षों में मामूली विवाद के दौरान गोली चलाये जाने का मामला सामने आया है। विवाद के दौरान हुई फायरिंग में किसी के जख्मी होने की कोई सूचना नहीं है। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बीती रात्रि आलमबाग के सुजानपुरा क्षेत्र मे फायरिंग की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी।जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों कार्रवाई पर करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें क्रमशरू दोनों पक्षो से रहमान, बुद्धू, भोलू, मुस्फीक अहमद, अनिलपाल सहित एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया और विवाद को शांत कराया गया। विवाद के दौरान एक पक्ष ने लायसेंसी राइफल से हवाई फायर कर क्षेत्र मे दहशत पैदा करने का काम किया था। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षो से प्राप्त तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# टीबी मरीजों को रेड क्रास सोसाइटी ने लिया गोद

लखनऊ(आरएनएस )। राजधानी में 29 टीबी मरीजों को गोद लेने के साथ पोषण किट का वितरण किया गया है। बुधवार को इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी लखनऊ राज्य शाखा कैसरबाग में महासचिव हेमाबिन्दु नायक, उपसभापति अखिलेन्द्र शाही, चेयरमैन ओपी पाठक, सचिव अमरनाथ मिश्र, कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता की उपस्थिति में टीबी मरीजों को पुष्टाहार वितरित किया गया। जिसमें एक किलो भुना चना, एक किलो चने का सत्तू,एक किलो गुड़, एक किलो मूंगफली का दाना, एंव एक किलो का बार्नबिटा का डिब्बा, प्रत्येक मरीज को दिया गया।वहीं महासचिव हेमाविंदु नायक ने कहा क्षय रोग ला इलाज नहीं है सिर्फ 6 माह के इलाज से सभी मरीज ठीक हो जाते है और उन्होंने मरीजों को जागरूक करते हुए कहा कि खाँसते छींकते समय मुँह पर रूमाल या मास्क अवश्य पहने। जिससे दूसरे लोग संक्रमण के शिकार न हो। साथ ही चेयरमैन ओपी पाठक ने मरीजों के शीध्र स्वस्थ होने की कामना की। इसी क्रम में सचिव अमरनाथ मिश्र ने बताया कि बलरामपुर हास्पिटल से 20 मरीज, ठाकुरगंज टीबी अस्पताल से 9, मरीजों को गोद लिया गया जिन्हें लगातार 6 माह तक निरूशुल्क पुष्टाहार वितरित किया जायेगा। पोषण वितरण के दौरान मुख्य रूप से हेमाविंदू नायक,ओपी पाठक, अमरनाथ मिश्र, नवीन गुप्ता, रूपकुमार शर्मा, ऋतुराज रस्तोगी, मनीष शुक्ला, कार्तिका माथुर, आशा सिंह, सफिकुल राजा अन्य लोग उपस्थित रहें।

# लोहिया वाहिनी का जिला उपाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने की संतुति पर लोहिया वाहिनी प्रदेशध्यक्ष रामकरन निर्मल ने सरोजिनीनगर विधानसभा के जीतू सैनी को संगठन का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इनके मनोनय पर क्षेत्रीय लोगो ने प्रश्ननता व्यक्त किया है।नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष जीतू सैनी ने शिर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के नितियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए अनवरत संघर्ष जारी रहेगा। होने वाले लोकसभा की चुनाव मे मोहनलालगंज प्रत्याशी आरके चौधरी को पुरी ताकत के साथ मजबूती प्रदान करना मेरा पहला प्राथमिकता रहेगा इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव आदी सैकड़ो क्षेत्रीय लोगों ने बधाई दी है।

# जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा समित के साथ की बैठक




लखनऊ(आरएनएस )। खाने पीने की सामग्री में होने वाली मिलावट पर लगाम लगाने की तैयारी शुरू हो गयी है। बुधवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति के साथ बैठक की। जिसमें निरीक्षण का व्यौरा देते हुए सहायक आयुक्तखाद्य ने जिलाधिकारी को अवगत कराया। वहीं बैठक में जिलाधिकारी ने होली पर्व को लेकर जिले में अभियान चलाने व छापेमारी के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि बड़े खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जाये तथा जरूरत पड़ने पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की सहायता भी ली जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि इकाना स्टेडियम में आयोजित होने वाले आईपीएल मैंच में जो कैटरिंग की सेवा प्रदान करेगें उन सभी खाद्य व्यवसायियों द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता व शुद्धता बनाये रखने के लिए अभी उन्हें निर्देशित करें।बैठक में अमित कुमार अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी, राघवेन्द्र सिंह एडीसीपी, संतोष कुमार अपर सांख्यकीय अधिकारी जिला उद्योग केन्द्र, हर्षित त्रिपाठी अपर जिला कृषि अधिकारी,सतीश कुमार यादव सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नगर निगम,हरीश कुमार वरिष्ठ निरीक्षक बाप एवं माप,विशाल यादव एईएलडीए अभिषेक सिंह आबकारी निरीक्षक आबकारी विभाग,अरविन्द पाल बघेल आबकारी निरीक्षक विजय तिवारी डीपीओ बाल विकास एवं पुष्टाहार, परवेज अख्तर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी खाद्य एवं रसद विभाग, डा. रवि पाण्डेय उपमुख्य चिकित्साधिकारी,प्रताप विक्रम सिंह उम्मीद संस्था,अभिषेक श्रीवास्तव कन्ज्यूमर गिल्ड उपभोक्ता संघ,संदेश कुमार मौर्या औषधि निरीक्षक,केजीएमयू की वरिष्ठ डायटिशियन,शालिनी श्रीवास्तव एवं आईण्टीण्कॉलेज की प्रो. नीलम कुमारी सहित खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ठगी को अंजाम देने वाले छह आरोपी गिरफ्तार



लखनऊ(आरएनएस )। वाराणसी में अब तक कि सबसे बड़ी ठगी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। साइबर ठगों ने महिला शिक्षक से 3.55 करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया था। बड़ी बात ये है कि इस साइबर ठगी को अंजाम साइबर ठगों ने पुलिस अधिकारी बनकर अंजाम दिया। डरकर पीड़िता ने अपना बैंक खाते का डिटेल दे दिया और ठगों ने खाते से तीन करोड़ पचपन लाख रुपये उड़ा लिए। जब महिला शिक्षक को ठगी की आशंका हुई तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इतनी बड़ी ठगी सुनकर वाराणसी पुलिस भी आनन–फानन में सक्रिय हुई और जल्द ही सभी ठगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम मो. तौफिक खान, सरफराज आलम, नुरूलहुअदा, आरिफ अहमन खान , ओम अश्विन भाई गोयानी, नीरव बट्क भाई गोटी है। इसमें चार लखनऊ के रहने वाले है और दो गुजरात के है।पिछले 8 मार्च को वाराणसी की रहने वाली शिक्षिका शम्पा रक्षित को आठ मार्च की सुबह नौ बजे एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने उनसे कहा, टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉर्टी से बोल रहा है। दो घंटे में आपका फोन बंद हो जाएगा। आपके पास अभी पुलिस का फोन आएगा । कुछ ही देर बाद एक कॉल आता है और कॉल करने वाला अपने आपको महाराष्ट्र के विरले पार्ले पुलिस इंस्पेक्टर विनय चौबे बताता है। कहता है कि आपका दूसरा फोन आपराधिक गतिविधियों में शामिल है। एक के बाद एक मोबाइल फोन पर सवाल पूछे। पूरे परिवार को झांसे में ले लिया। इसी के साथ परिवारवालों से वीडियो कॉल के नाम पर स्काइप ऐप डाउनलोड करवाया और उनके खातों की जानकारी ले ली और तीन करोड़ पचपन लाख की ठगी को अंजाम दे दिया। पीड़िता को ठगी का अहसास होने पर वाराणसी में थाने जाकर मुकदमा दर्ज कराया।उक्त प्रकरण को पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने गंभीरता पूर्वक से लेते हुए पुलिस उपायुक्त अपराध चंद्रकांत मीना को पर्दाफाश करने का निर्देश दिया। जिसके तहत तीन टीमों का गठन किया गया। इसके बाद कॉल डिटेल, लोकेशन ट्रेस किया गया। दो ठगों का लोकेशन लखनऊ मिला, जो सगे भाई हैं और दो बड़े बैंकों में अधिकारी रैंक पर हैं। इसके अलावा दो गुर्गे, उनके रिश्तेदार और दो साइबर एक्सपर्ट गुजरात के निवासी हैं। पुलिस ने टीमें भेजकर इन्हें गिरफ्तार किया। अभियुक्तों से पूछने पर बता रहे है कि हमलोग योजनापुर्वक पर्व में प्राप्त विभिन्न मोबाइल नंबर पर फोन करते है और बताते कि आपका सिम टेलिकाम रेगुलेटरी अथारिटी द्वारा अवैध कार्यों में लिप्त होने के कारण बंद किया जा रहा है। इसके बाद हमलोग फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर कुछ देर बाद फोन करते है और बताते है कि आपके द्वारा सिम के माध्यम के अवैध कार्य व पैसों का लेन देन किया जा रहा है, आपके खिलाफ अरिस्ट वारंट जारी हआ है, आपको पूछताछ के लिए थाने पर आना होगा और विश्वास दिलाने के लिए अपना एक फर्जी बेवसाइट का पता भी देते है और बताते है कि आप उस पर जाकर अपना अरेस्ट वारंट देख सकते है।आने में असमर्थतता जताने पर हमलोग रङढए अढढ डाउनलोड करवाते है और स्क्रीन शेयर कर लेते है और परिवार व बैंक संबन्धित समस्त जानकारी ले लेते है , उसके बाद गिरफ्तारी का डर दिखाते है , लगातार दवाव बनाते हुए विश्वास में लेते है और खाते को चेक करते हुए पैसा होने पर , समस्त पैसा तथाकथित फइक के बैंक खाता में ट्रासफर करवाते है और विश्वास दिलाते है कि आपका पैसा बाद जांच करने वापस आपके खाते में आ जायेगा और इस तरह से हमलोग विभिन्न खातों पैसा ट्रासफर करा लेते है। इसी तरह से वाराणसी निवासी शम्पा रक्षित के फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर गिरफ्तारी का डर दिखाकर तीन करोड़ 55 लाख का धोखाधड़ी कर लिया गया और खाते में आये हुए

पैसों के परे भारत के विभिन्न जनपदों से योजनानुसार पूर्व में खोले गये खातों से चेक व एटीएम के माध्यम से निकाल लेते है।

पुलिस ने इनके पास से 63 लाख की नकद बरामद किए और बैंक के खाते से 65 लाख सीज करवाया है। वाराणसी पुलिस अब इन्हें रिमांड में लेकर ठगी किये गए पूरे रकम को बरामद करने के लिए पूछताछ करेगी। साथ ही इनके द्वारा अन्य ठगी के मामलों की कलई खोलेगी।

# सड़क सुरक्षा में मारुति की सशक्त पहल

लखनऊ, अयोध्या(आरएनएस )। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अयोध्या में चालक प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (डीटीटीआई) में अपने ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (एडीटीटी) का कार्य पूरा कर लिया है। अयोध्या पहला ऐसा केंद्र है जहां इस एमओए के अंतर्गत ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक का निर्माण किया गया है। विगत दिनों परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने अयोध्या में ऑटोमेटेड डीटीटीआई का उदघाटन किया।यूपी सरकार के साथ अनुबंध के ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के 45 दिनों के रिकॉर्ड समय के भीतर इस ऑटोमेशन के कार्य को संपन्न किया गया। राहुल भारती ईओ कॉपोर्रेट अफेयर्स, मारुति सुजुकी इंडिया लि. ने कहा कि सड़क सुरक्षा में सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ मानव कौशल और यातायात नियमों की जानकारी होना है।ड्राइविंग लाइसेंस दिए जाने से पहले 100 फीसद कम्प्यूटरीकृत परीक्षण किए जाने से यह सुनिश्चित हो जाएगा कि केवल कुशल ड्राइवर ही वाहन चलाएंगे। हम उत्तर प्रदेश सरकार के आभारी हैं कि उन्होंने हमें पावन नगरी अयोध्या में ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक को ऑटोमेट करने का अवसर प्रदान किया।

# अपराधियों को किया जिला बदर

लखनऊ(आरएनएस )। राजधानी लखनऊ में लोक शांति व्यवस्था बनाये रखने और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत पुलिस कमिश्नरेट ने दस अपराधियों को जिला बदर किया गया है। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक गुण्डा एक्ट के तहत दस अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है।उनमें हसनगंज के त्रिवेणी नगरनिवासी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, कृष्णानगर थाना के पूरन नगर निवासी राकेश पाण्डेय, वीआईपी रोड निवासी विनायक, आशियाना निवासी अमन गुप्ता उर्फ गोलू, उसरी निवासी मंगल रावत, कैंट थाना के भगवंत नगर निवासी राहुल है।

## सी.एम.एस. महानगर एवं गोमती नगर कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन

लखनऊ, 20 मार्च। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस एवं गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज क्रमशः सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस एवं विद्यालय के विशाल प्रांगण में किया गया। समारोह में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद



प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया।सी.एम.एस. महानगर कैम्पस के 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का उद्घाटन सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने किया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए डा. गाँधी ने कहा कि घर, स्कूल एवं समाज के वातावरण का गहरा प्रभाव छात्रों के मन और बुद्धि पर पड़ता है, ऐसे में घर व स्कूल का आध्यात्मिक वातवरण व समाज का सद्भावनापूर्ण वातावरण बच्चों को समाज का आदर्श नागरिक बनाने में महती भूमिका निभाते हैं। सी.एम.एस. महानगर कैम्पस की प्रधानाचार्या डा. कल्पना त्रिपाठी ने कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने को प्रेरित करता है, जिससे ये छात्र आगे चलकर विश्व समाज के विकास में रचनात्मक भूमिका निभायें।

सायंकालीन सत्र में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा बड़े ही शानदार ढंग से 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन विद्यालय के विशाल प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा से परिपूर्ण ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे पहले, समारोह का उद्घाटन सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रो. किंगडन ने कहा कि शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन के एक प्रभावशाली उपकरण के रूप में प्रयोग किया जाना चाहिए। सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती आभा अनन्त ने कहा कि छात्रों को भौतिक व सामाजिक शिक्षा प्रदान करने के साथ ही उनका चरित्र निर्माण भी बहुत आवश्यक है। श्रीमती अनन्त ने अभिभावकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## पोलिंग पार्टी डिस्पैच/रिसीविंग संबंधी व्यवस्थाओं हेतु बेरीकेटिंग की लगाए जाने के निर्देश दिए

झांसी! जनपद झांसी में लोकसभा सामान्य निर्वाचनद् 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारीधजिला अधिकारी श्री अविनाश कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश एस ने पोलिंग पार्टियों के पोलिंग बूथ पर प्रस्थानॉ वापसीॉ मतगणना एवं स्ट्रॉग रूम चिन्हित किये जाने के दृष्टिगत मण्डी स्थल भोजला का भ्रमण किया भोजला मण्डी को लोकसभा सामान्य निर्वाचन कार्य हेतु चिन्हित किया, मौके पर उन्होंने पोलिंग पार्टियों की रवानी स्थल के साथ ही साथ मतगणना और स्ट्रांग रूम स्थल का भी निरीक्षण किया और जल्द से जल्द सारी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने केंद्रीय पुलिस बल को मतदान व मतगणना के दौरान मतगणना स्थल पर ठहरने की व्यवस्था का निरीक्षण किया



भ्रमण के दौरान ज्वाइंट मैजिस्ट्रेट श्री उत्कर्ष द्विवेदी, एडीएम प्रशासन श्री ए के सिंह, एसपी सिटी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट श्री विधेश कुमार, सीओ सिटी श्री राजेश कुमार राय सहित अपर नगर आयुक्त लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मंडी समिति के अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रशासन आया एक्शन में खाद्यान्न मिलावट को लेकर हुई छापेमारी, लिए सैंपल

झांसी! गुरसरांय 20 मार्च बुधवार को जिलाधिकारी झांसी के निर्देशानुसार आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए मिलावटखोरों के विरुद्ध खाद्य विभाग की टीम के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम द्वारा नगर की कई दुकानों से नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाए गए।खाद्य विभाग एवं औषधि विभाग की टीमों ने गुरसरांय,एरच आदि जगहों पर मिष्ठान एवं सभी प्रकार की खाद्यान्नों की दुकानों पर जाकर कई दुकानों से सैंपल लिए।इस कार्यवाही की भनक लगने पर नगर के दूध डेयरी,मिठाई व परचून तथा अन्य खाद्य पदार्थ की दुकानें धड़ाधड़ बंद हो गई।खाद्य विभाग की टीम ज्यों ही गुरसरांय आई व्यापारियों में हड़कंप मच गया।वहीं मोदी चौराहा पर मिष्ठान की एक दुकान पर खोवा आदि सामग्री का सैंपल लिया।किराना की दुकानों से उन्होंने बेसन आदि खाद्यान्नों के सैंपल लिए। जिलाधिकारी झांसी अविनाश कुमार के सख्त एक्शन के चलते शासन की गाइडलाइन अनुसार खाद्य विभाग की टीम ने यह सैंपल लिए। जिले से आई इस टीम में रविन्द्र सिंह परमार वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी,सत्यम भारती खाद्य सुरक्षा अधिकारी,विमलेश कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित खाद्य विभाग की टीम ने अलग–अलग टीमों में सैंपलिंग की।उधर सैंपल की कार्यवाही को देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई और गुरसरांय सैंपल लेने के बाद यह टीम एरच सैंपलिंग के लिए रवाना हुई। आज गुरसरांय गरौठा,एरच में पूरे दिन खाद्य सुरक्षा टीम पूरी तरह एक्शन में रही बताते चलें कि मिलावट खोरी को लेकर अखबारों ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किए थे जिसका संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने यह कार्यवाही की है।



## बसपा से लोकसभा प्रत्याशी होंगे पंडित कमलकांत उपमन्यु

### मथुरा लोकसभा मे बसपा भाजपा की होगी सीधी टक्कर

मधुरा। बहुजन समाज पार्टी से मथुरा में पंडित कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट को बसपा का लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। ज्ञात रहे 1999 में बसपा से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं पंडित कमलकांत उपमन्यु छावनी परिषद मथुरा के पूर्व पार्षद पूर्व वाइस चेयरमैन एवं सिविल एरिया और फाइनेंस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं तथा अधिवक्ता भी है।श्री कमल कांत उपमन्यु एडवोकेट के बसपा से मथुरा में प्रत्याशी बनने के बाद रोचक राजनीतिक मुकाबला होगा और भाजपा बसपा की अब टक्कर के आसान नजर आ रहे। उल्लेखनीय है गत नगर निगम के महापौर के चुनाव में भाजपा बसपा की शहर में सीधी टक्कर हुई थी तथा जिले की पांच विधानसभा सीटों में से चार पर बसपा के प्रत्याशी विजयी होकर एमएलए रह चुके हैं तथा गत जिला पंचायत चुनाव में बसपा नंबर वन पार्टी बनकर उभरी थी। अनेक बार जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर बसपा उम्मीदवार अध्यक्ष निर्वाचित हो चुके हैं। भाजपा की तरह हर बूथ पर बसपा का भी केडर वोट है। इसलिए मथुरा जिले की सीट पर बसपा उम्मीदवार को कम नहीं आंका जा सकता है यहां भाजपा और बसपा में अब सीधा मुकाबला होगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री मायावती द्वारा श्री उपमन्यु को बुलाकर के आशीर्वाद दे दिया है। प्रख्यात अभिनेत्री गत दो बार से मथुरा से भाजपा से सांसद हैं जिससे जनता में न मिलने और ज्यादा समय मथुरा में ना रहने के कारण उनके प्रति तीसरी बार प्रत्याशी बनने पर ब्रजबासियों को निराशा हुई है।आज लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती से मुलाकात के समय पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली खान एवं आगरा मंडल के कोऑर्डिनेटर पूर्व कैबिनेट मंत्री गोरेलाल जाटव एवं जिला मथुरा के अध्यक्ष गोवर्धन सिंह और जिला प्रभारी श्री धारा सिंह आजाद चुनाव प्रभारी श्री हेमेंद्र सिंह ब्राह्मण समाज के नेता प्रमोद शर्मा जी एवं सुनील शर्मा भी उपस्थित रहे।



## 19 वर्ष तक न्यायालय मे चली जंग के बाद मिला अधिकारी को न्याय

### –न्यायालय ने दिया इमोशनल प्रोन्नति का आदेश

अयोध्या (आरएनएस)। होमगार्ड मे डिवीजनल कमाण्डेंट के पद पर रहे एक अधिकारी को अपना अधिकार पाने के लिए उच्च न्यायालय मे 19 वर्ष तक एक लम्बी लड़ाई लड़नी पड़ी।आखिर न्यायालय ने उनको न्याय दिया।कोर्ट ने अधिकारी को उनके सेवानिवृत्त होने के बाद इमोशनल पदोन्नति प्रदान करने के साथ उनके पेंशन लाभो को फिर से तय करने का आदेश जारी किया है।अयोध्या नगर के कौशलपुरी निवासी लाल कमलेन्द्र प्रताप सिंह जनपद मे डिवीजनल कमाण्डेन्ट के पद पर तैनात थे।उनको वर्ष 2005 में डिप्टी कमाण्डेंट जनरल के पद पर प्रोन्नति दी जानी थी।किन्तु सपा सरकार में उनके अधिकारों का हनन किया गया।उनके स्थान पर रुद्रल सिंह को पदोन्नति दे दी गई।डिवीजन कमाण्डेंट लाल कमलेन्द्र प्रताप ने अपना अधिकार पाने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर , नियम विरुद्ध की गई प्रोन्नति को चुनौती दे दी।अपना हक और अधिकार मांगने के लिए न्यायालय ने 19 वर्ष तक चली लम्बी जंग ने कमलेन्द्र प्रताप सिंह की मान प्रतिष्ठा की लडाई मे उनको विजय प्रदान की।न्यायालय ने प्रदेश सरकार को आदेश दिया कि लाल कमलेन्द्र प्रताप को इमोशनल प्रोन्नति प्रदान की जाय एवं दो महीने के डिप्टी कमांडेंट जनरल के वेतन लाभ।।वे सेवानिवृत्त हो चुके हैं।अतः जिस तिथि से उनके स्थान पर लोहित कुमार को पदोन्नति दी गई थी उसी तिथि से लाल कमलेन्द्र प्रताप को उनकी सेवा निवृत्ति तक इमोशनल रूप से डिप्टी कमाण्डेट जनरल माना जाय। उनकी पेंशन मे भी पद के अनुरूप संशोधन किया जाय।न्यायालय के इस फैसले की लोग सराहना कर रहे हैं।लाल कमलेन्द्र प्रताप के परिजनों ने न्यायालय के फैसले को सच्चा न्याय बताया है।

## एनएसएस कैंप में सड़क सुरक्षा विषयक सेमिनार के साथ दिलाई गई मतदान की शपथ

झांसी! विपिन बिहारी महाविद्यालय झांसी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के कैंप में आज सड़क सुरक्षा एवं मतदाता जागरूकता विषयक सेमिनार का आयोजन यातायात पुलिस की ट्रैफिक वार्डन




व सड़क सुरक्षा समिति की सदस्य सुश्री प्रगति शर्मा के मुख्य आतिथ्य व ट्रैफिक वार्डन दीपशिखा शर्मा के विशिष्ट अतिथ्य में किया गया सेमिनार में कुमारी प्रगति शर्मा द्वारा अपनी व्याख्यान में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुक करते हुए समझाया कि जीवन अनमोल है हमें चालान के डर से नहीं बल्कि यमराज के डर से नियमों का पालन करना आवश्यक है एवं हम सभी को सड़क सुरक्षा के संकेतो व नियमो का पालन करना अति आवश्यक है व कहा कि सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति को अनदेखा न कर तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाकर गुड सेमेरिटन की भूमिका अदा करें। साथ ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु 18 वर्ष पूर्ण कर चुके।

## नियमों को दरकिनार कर पाकिंग के नाम पर हो रही लाखों की वसूली

### नगर पालिका और जीएसटी विभाग को भी लगा रहा चपत

सुलतानपुर(आरएनएस)। नगर क्षेत्र में पार्किंग के नाम पर लाखों की अवैध वसूली हो रही है। शॉपिंग मॉल के नीचे मनमाफिक नियम बनाकर दोपहिया वाहन से 20६ और चार पाहिया से 50६ रुपये पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है। उपभोक्तओं को जबरन रसीद दी जा रही। उस रसीद पर संबंधित फर्म का भी नाम नही है। भेद न खुले इसके लिए वाहन लेकर लौटने वाले ग्राहकों से उसके हिस्से की स्लिप ले ली जाती है। यहां बेसमेंट में काउंटर लगाकर ठेकेदार कर रहे मनमानी वसूली। प्रतिदिन हजारों लोग बस स्टेशन (एसबीआई बैंक के नीचे), गंदानाला, दरियापुर तिराहा समेत विभिन्न पार्किंग स्थलों पर गाड़ी पार्क करते है। शहर में प्राइवेट और सरकारी मिलाकर डेढ़ दर्जन पार्किंग स्थल हैं। यह वसूली करोड़ो के करीब पहुंचती है। शहर में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली से जीएसटी विभाग को लाखों का चूना लग रहा है। तकरीबन प्रतिदिन गाड़ियां बेसमेंट में खड़ी करके काउंटर पर बैठे ठेकेदार उनसे वसूली करते हैं। जिसके कारण जीएसटी विभाग को भी लाखों का चूना लग रहा है।यहां कौन सी फॉर्म वसूली कर रही है, स्लिप और पोस्टर पर उसका कहीं कोई जिक्र नहीं है। शहर में जितने भी अवैध पार्किंग बेसमेंट में चल रहे हैं उन पर लगे लाल नीली पट्टिका लगे बैनर से शुल्क का विवरण लिखा गया है। मानो उसे वसूली पर पुलिस विभाग की मुहर यानी सहमति मिली हो। सीओ सिटी शिवम मिश्रा कहते हैं यदि कोई एप्लीकेशन उन्हें दी जाए तो वह जांच कर अग्रिम कार्रवाई करेंगे। वहीं नगर पालिका ईओ लाल चन्द्र ने प्रकरण को न तो वैध बताया और न ही अवैध। अंत में उन्होंने कहा मालूम करके बाद में बताते हैं।

## नाबालिक बच्चों के हांथों ई–रिक्शा के जरिये दौड़ रही है जिंदगियां

### शहर में कम उम्र के बच्चें दौड़ा रहे है

सुल्तानपुर(आरएनएस)। आखिर प्रशासन किस हादसे का इंतजार कर रहा है, जिम्मेदारों के सामने से ही नाबालिक बच्चें ई–रिक्शे पर सवारियां बैठाकर फर्राटे भरते नजर आते है। कभी–कभार जिम्मेदार ऐसे अनियंत्रित ई–रिक्शे की धार–पकड़ करते जरुर है, पर औपचारिकता से अधिक कुछ और नही रहता। पूर्व में भी बहुत सी घटनाएं ऐसे ही नाबालिक ई–रिक्शा चालकों के द्वारा हुई है, लेकिन गंभीरता से नही लिया। जिसके चलते 18 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या सड़क पर ई–रिक्शा दौडाने की बढ़ती जा रही है। खासकर नगर क्षेत्र में ऐसा प्रायः देखने को मिल रहा है, नगर क्षेत्र में ई–रिक्शा और नाबालिक चालक कुछ इस तरह बढ़ रहे है, जिसे नियंत्रित करने में जिम्मेदार भी दिलचस्पी नही ले रहे है। जिसके कारण बगैर लाइसेंस और बगैर जरूरी




अभिलेख के कम दूरी का सफर करने वाले यात्रियों के सिर पर खतरा मंडराता रहता है। ऐसे अनियंत्रित ई–रिक्शा और कम उम्र के बच्चों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाकर आम लोगों की जिंदगी के जोखिम को कम करने की जरूरत है। सूत्र बताते है कि यदि इसपर प्रभावी कदम नही उठाए जाते तो आने वाले वख्त में ऐसे बच्चों की संख्या बेशुमार दिखाई देगी। बुधवार को ऐसे ही एक किशोर को यातायात पुलिस के उप निरीक्षक ने पकड़ा और उसका ई–रिक्शा खड़ा करवा लिया। घंटो बाद उसे नसीहत देते हुए छोड़ भी दिया,परंतु एक बात तय है की हालात बदले नही तो अंजाम भी परेशान करने वाले आ सकते है। इस संबंध में यातायात निरीक्षक चंद्रभान वर्मा से बात करने पर उन्होंन बताया कि इसके विरूद्ध अभियान चलाकर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## हैल्थ वेलनेस सेन्टर की गुणवत्ता में सुधार हमारी प्राथमिकता-आयुक्त

झांसी! भारत सरकार द्वारा हैल्थ वेलनेस सेन्टर पर दी जा रही सेवाओं के मानकीकरण उद्देश्य से नेशनल क्वालिटी एश्योरेन्स



स्टैन्डर्ड (एन.क्यू.ए.एस.) सर्टिफिकेशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस सर्टिफिकेशन में मंडल के हैल्थ वेलनेस सेन्टर तालरमन्ना व धनाई, जिन्हें अब जान आरोग्य मंदिर कहा जाता है, झाँसी जिले का चौथा और झाँसी मंडल का 11वां ऐसा केन्द्र घोषित हुआ है जहाँ राष्ट्रीय स्तर के मानक पूरे कर लिये गये हैं। भारत सरकार की टीम द्वारा किये गये मूल्यांकन में इस केन्द्र को 88 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये है छभ्ड के मंडलीय परियोजना प्रबंधक आनंद चौबे ने बताया कि मंडलायुक्त झाँसी की पहल पर मंडल के 75 केन्द्रों को प्रथम चरण में राष्ट्रीय स्तर का बनाने की मुहिम चलायी गयी है जिसके तहत झाँसी का हैल्थ वेलनेस सेन्टर तालरमन्ना व जालौन का धनाई भी चुना गया था जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम नें भारत सरकार के मानक को पूरा करने के लिये मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक टीम गठित की जिसने गैप चिन्हित कर इस केन्द्र की सारी कमियों को पूरा कराया।

## पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने संगठन को सौपा प्रमाण पत्र

सुल्तानपुर(आरएनएस)। नगर के डीएम आवास के सामने चौराहे का भगवान परशुराम चौक के नाम से जाना जाएगा। नगर पालिका की बोर्ड बैठक में दिए गए प्रस्ताव पर प्रशासन की मुहर लगने के बाद संगठन के पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है। संगठन के संरक्षक विपिन मिश्रा एडवोकेट व देवेंद्र पाठक के संयोजन में संगठन के दर्जनों पदाधिकारियो ने नामकरण पर मुहर लगने की खुशी में विप्र समाज के दर्जनों महानुभावों को जहां माला पहनकर सम्मानित किया वहीं मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई। परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी के संयोजन में संगठन से जुड़े सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बीते 5 वर्षों से डीएम आवास चौराहे को भगवान परशुराम चौक के नाम से घोषित करने की मांग कर रखी थी। उनकी इस मांग में ब्राह्मण समाज संगठन के जिलाध्यक्ष पंडित सुभाष तिवारी, राष्ट्रीय युवजन ब्राह्मण सभा ने भी आवाज मिलाई थी। नगर पालिका के बजट बोर्ड की बैठक में बढैयावीर से सभासद प्रवीण मिश्रा ने प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मत से पारित कर दिया गया था। बुधवार को पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बोर्ड की कार्यवाही जारी कर संस्था के संरक्षक विपिन मिश्रा को प्रमाण पत्र सौपा। यहां विपिन मिश्रा ने कहा बीते पांच वर्षों से संगठन से जुड़े प्रदेश भर के कार्यकर्ता और लाखों की संख्या में मौजूद ब्राह्मण समाज की आस्था और भावना को सम्मान मिला है। आराध्य देव भगवान परशुराम के नाम पर शहर में एक चौराहे व मूर्ति स्थापना का उनका लक्ष्य है। पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी, सांसद मेंनका गांधी ने भी संगठन के पत्र पर सहमति देते हुए शासन को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा हम नगर पालिका के अध्यक्ष व बोर्ड के सभी सभासदों के आभारी हैं। परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हैं। यहां देवेंद्र पाठक ने कहा विप्र समाज की भावनाओं को पालिका के अध्यक्ष व बोर्ड ने समझा चौराहे का नामकरण किया हम संगठन के सभी साथियों को उनके संघर्ष की सफलता पर बधाई देते हैं। हम मांग करते हैं आगामी अक्षयतृतीया के दिन भगवान परशुराम की जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए सब लोग संकल्प लेकर आगे बढ़े। उक्त कार्यक्रम में भगवान परशुराम की प्रतिमा की स्थापना के लिए विचार किया जाएगा। संगठन के संरक्षक रामशंकर पांडेय ने संगठन से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए सफलता पर बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण कुमार उपाध्याय, बार उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय, विजय कुमार उपाध्याय, व्यापारी नेता हिमांशू मालवीय, मनीष मिश्र, रमाशंकर पांडेय, विपिन मिश्रा, देवेंद्र पाठक, सूर्य प्रकाश पांडेय, पीयूष तिवारी, जयशंकर, विनय कुमार मिश्रा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## बौध्द्रिक संपदा की सुरक्षा से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था विजेन्द्र सिंह

### –वानिकी एवं कृषि विज्ञान में बौध्द्रिक संपदा अधिकार की संभावनाएं एवं भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार

कुमारगंज–अयोध्या (आरएनएस)। बौद्धिक संपदा अधिकार भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में गति प्रदान करता है। ये रचनाकारों, अन्वेषकों एवं उद्यमियों के विचारों को आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनाते हैं। बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिए अपने तंत्र को अनुकूलित और मजबूत करना चाहिए। एक मजबूत आईपीआर (बौद्धिक संपदा अधिकार) पारिस्थितिकी तंत्र निर्माताओं के नवाचार को विधिक संरक्षण प्रदान करता है। इससे रोजगार सृजन, निर्यात में वृद्धि एवं समग्र आर्थिक उन्नति होती है। बौध्द्रिक संपदा संरक्षण के अंतर्राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन एक देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है। यह बातें कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने बुधवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के पशुपालन महाविद्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान बतौर मुख्यअतिथि कही। वे ष्वानिकी एवं कृषि विज्ञान में बौद्धिक संपदा अधिकार की संभावनाएं एवं भूमिकाश विषय पर छात्र– छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। राम मनोहर लोहिया विधि विवि लखनऊ से पहुंची अतिथि वक्ता डा. शकुंतला संगम ने कहा कि छात्र–छात्राओं में आईपीआर के विषय में जानकारी होना वर्तमान में वैज्ञानिक जगत के लिए बहुत जरूरी है। बौद्धिक संपदा अधिकार विभिन्न प्रकार की सुरक्षाएं उपलब्ध कराता है, जिनमें किस्मों, फसल के नाम, जीन, प्रजनन प्रक्रियाओं, पेटेंट और अन्य कानूनी पदनाम के रूप में संरक्षण सहित कई अन्य अविष्कार भी शामिल है। इस दौरान उन्होंने आईपीआर की शोध आईडिया, क्रिएशन, इन्वेंशन एवं वानिकी जगत में इसकी आवश्यकता को भी बताया।

अतिथि वक्ता आई.आई.वी. आर वाराणसी से पहुंचे शैलेश कुमार तिवारी एवं सिद्धार्थ शुक्ला ने भी इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी।इस मौके पर एक साहित्य का विमोचन किया गया। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। वानिकी अधिष्ठाता डा. संजय पाठक के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# संपादकीय

## विपक्षी दांव की दिक्कतें

अगर आज सत्ता का स्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है? कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समाप्ति को इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों के नेताओं की जुटान का मौका बनाया। मुंबई की इस रैली में जुटे विपक्षी नेताओं ने संदेश दिया कि मौजूदा (चुनावी) संघर्ष में वे एकजुट हैं। लड़ाई किससे है, इसे राहुल गांधी ने देश को बताया। कहा कि मुकाबला किसी एक पार्टी या नरेंद्र मोदी नाम के व्यक्ति से नहीं है। लड़ाई एक श्विशिष्ट शक्तिय से है, वो शक्ति जो ईवीएम और संस्थाओं में निहित है।

उन्होंने कहा– श्यह शक्ति आपका धन लूट रही है। नरेंद्र मोदी का काम तो सिर्फ इससे ध्यान हटाना है।य मगर यह वक्तव्य सिरे से समस्याग्रस्त है। अगर आज सत्ता का स्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है? और अगर आज सचमुच निर्णायक भूमिका ईवीएम की हो गई है, तो यह प्रश्न भी उठेगा कि इन मशीनों को चुनाव से हटवाने के लिए कांग्रेस या समूचे विपक्ष ने अब तक कुछेक बयानों को छोड़कर कौन–सा अभियान चलाया है?इन सवालों को उठाने का मतलब ईवीएम को क्लीन चिट देना नहीं है। इन मशीनों के लेकर संदेह सचमुच गहराता गया है। चूंकि निर्वाचन आयोग ने इन संदेहों का निवारण करने और विश्वास का वातावरण बनाने की तनिक जरूरत भी महसूस नहीं की है, इसलिए इससे जुड़े सवाल बने हुए हैं। लेकिन अब जबकि चुनाव कार्यक्रम का एलान हो चुका है, विपक्ष का इसे प्रमुख मुद्दा बनाने का कोई तर्क नजर नहीं आता।

बेहतर होता कि इंडिया गठबंधन के नेता इस पर आत्म–निरीक्षण करते कि उन्होंने इस चुनाव के लिए अपनी तरफ से कौन–सा ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम पेश किया है, जिसको लेकर आम जन में उत्साह जग सके? इन नेताओं ने साझा नीति और कार्यक्रम की कोई जरूरत ही नहीं समझी है। नतीजतन, उनका प्रयास महज सीटों का तालमेल बन कर रह गया है। इसी का परिणाम है कि अब ऐन वक्त पर उन्हें मोदी हटाओ के नकारात्मक एजेंडे पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ रहा है।

## कड़वे सच का सामना

अरविंद सुब्रह्मण्यम का ताजा बयान उन आंकड़ों पर एक गंभीर सवाल है, जिनके आधार पर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अगले 23 वर्षों में विकसित भारत बना देने का नैरेटिव बुना गया है।

मशहूर अर्थशास्त्री और नरेंद्र मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रह्मण्यम ने भारत के लोगों को अपना दिमाग कबाड़ मुक्त करने की सलाह दी है। उन्होंने आगाह किया है कि भारत एक बड़ा बाजार नहीं है। भारत का घरेलू बाजार इतना बड़ा नहीं है, जिसके बूते भारत का मैनुफैक्चरिंग उद्योग फूल–फल सके। उन्होंने कहा– श्भारत यह सोच कर बहुत बड़ी गलती कर रहा है कि वह अपने घरेलू बाजार के बूते आगे बढ़ सकता है। मेरी समझ में यह घातक निष्कर्ष है।य

सुब्रह्मण्यम का तात्पर्य यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को अगर विकसित होना है, तो ऐसा निर्यात के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ा कर ही किया जा सकता है। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने वर्तमान में बताई जा रही आर्थिक वृद्धि दर पर भी संदेह जताया। हाल में केंद्र सरकार ने बताया था कि इस वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाहियों में भारत ने 8 प्रतिशत से भी अधिक ऊंची वृद्धि दर हासिल की।

सुब्रह्मण्यम ने इसे ष्पूर्णतरू रहस्यमयष बताया। कहा– ष्ईमानदारी के साथ मैं यही कहूंगा कि जीडीपी वृद्धि दर की इस संख्या को मैं समझ नहीं पाया।ष कहा कि यह संख्या मुद्रास्फीति की एक से डेढ़ फीसदी दर के आकलन पर आधारित है, जबकि वास्तविक मुद्रास्फीति दर तीन से पांच फीसदी के बीच रही है। एक प्रमुख अर्थशास्त्री का यह सार्वजनिक बयान उन आंकड़ों पर एक गंभीर सवाल है, जिनके आधार पर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अगले 23 वर्षों में विकिसत भारत बना देने का नैरेटिव बुना गया है। दरअसल, आर्थिक आंकड़ों की बात करें, तो ऐसी बहुत सी अन्य विसंगतियां सामने हैं।

सचमुच यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आंकड़ों के साथ खिलवाड़ या हेरफेर जरिए ऐसी धारणाएं बनाई गई हैं, जिनका कोई वास्तविक आधार नहीं है। स्पष्टतरू ऐसी धारणाओं के जरिए आबादी के एक हिस्से को कुछ समय तक के लिए भटकाए रखा जा सकता है, लेकिन उनके जरिए आम जन की बुनियादी समस्याओं को हल नहीं किया जा सकता। समाधान निकालने की पहली शर्त सच को स्वीकार करना है। कहा जा सकता है कि सुब्रह्मण्यम ने देश का सामना ऐसे ही सच से कराया है।

## अंबानी–अडानी, खरबपतियों का चंदा कहां?

कैसी हैरानी की बात है कि मोदी राज में सबसे ज्यादा धंधा खरबपतियों का बढ़ा। अडानी जगत सेठ हुआ। अंबानी कुबेरपति हुआ। पैसे से भारत की संस्कृति का ढिंढोरा करता है। इनके साथ टाटा, बिड़ला सहित टॉप के बीस खरबपति दिन–दुनी, रात–चौगुनी की रफ्तार से भारत के लोगों से पैसा कमाते हुए हैं लेकिन वे इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीददारों की लिस्ट से लगभग गायब। यों कुछ जानकार शेल याकि खोखा कंपनियों से बॉन्डस लेन–देन की बारीकी तलाश रहे हैं। लेकिन मोटा मोटी मोदी सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड योजना में जुआरियों, सटोरियों, काला बाजारियों और ठेकेदारों से ही चुनाव और राजनीति के नाम पर वसूली हुई दिखती है।

और यह हैरानी की बात है।

तभी अपना सवाल है कि सरकारी प्रोजेक्टों और मुंबई, दिल्ली आदि महानगरों के ठेकेदारों, बिल्डरों की इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीदने–देने के साथ सौदेबाजी का यदि सीक्वेंस है तो भला विनिवेश, खान आवंटन से लेकर अंतरराष्ट्रीय सौदों, खरीद–फरोख्त के खरबपतियों के कारोबार की वसूली का क्या रूप है? जब चिंदीमार, खोखा कंपनियों को ईडी, सीबीआई, आईटी से लाइन हाजिर करा वसूली हुई है तो खरबपतियों के लेवल का चंदा कहां गया? क्या इस रीति–नीति पर चला गया कि छोटे कारोबारी भाजपा पार्टी के लिए और वैश्विक खरबपति किसी और काम के लिए?

भला और क्या काम हो सकता है? आप ही अनुमान लगाएं। लुटियन दिल्ली में जितने मुंह उतनी बात है। मगर इतना तय है कि भारत के टॉप सौ अरबपतियों की कंपनियों में बिना इलेक्टोरल बॉन्ड्स के कई नाम निकल आएंगे। और फिर यदि इनको नौ वर्षों में मिली सरकारी कंपनियों, विनिवेश, लाइसेंसों की पूरी सूची के साथ तुलना करें तो वह क्या आंख खोल देने वाली नहीं होगी?

# चुनावी बाण्ड के बंद होने से चुनावों में बढ़ेगा काला धन

केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने वित्त वर्ष 2022–23 में चुनावी बॉन्ड के जरिये करीब 1,300 करोड़ रुपये का राजनीतिक चंदा जुटाया है। यह राशि इसी अवधि में चुनावी बॉन्ड के जरिये कांग्रेस को मिले चंदे की तुलना में सात गुना अधिक है। चुनावी बॉण्ड के विवरण को सार्वजनिक करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र सरकार के साथ चंदा देने वाले उद्योगपतियों को मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। चुनावी बॉण्ड की खरीद के तहत सर्वाधिक चंदा भारतीय जनता पार्टी को मिला है। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने वित्त वर्ष 2022–23 में चुनावी बॉन्ड के जरिये करीब 1,300 करोड़ रुपये का राजनीतिक चंदा जुटाया है। यह राशि इसी अवधि में चुनावी बॉन्ड के जरिये कांग्रेस को मिले चंदे की तुलना में सात गुना अधिक है। कांग्रेस को चुनावी बॉन्ड के जरिये 171 करोड़ रुपये की आय हुई, जो वित्त वर्ष 2021–22 में 236 करोड़ रुपये से कम है। राज्य स्तर पर समाजवादी पार्टी को 2021–22 में चुनावी बॉन्ड के जरिए 3.2 करोड़ रुपये की आय हुई थी लेकिन 2022–23 में उसे इन बॉन्ड के जरिये कोई धनराशि नहीं मिली। वहीं, राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त एक अन्य दल तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) को 2022–23 में चुनावी बॉन्ड के माध्यम से 34 करोड़ रुपये मिले, जो पिछले वित्त वर्ष से 10 गुना अधिक राशि है। ऐसा नहीं है कि एसबीआई के लिए बॉण्ड की जानकारी का खुलासा करना कोई बहुत कठिन काम हो। एसबीआई चाहे तो 24 घंटे में जानकारी को मुहैया करा सकती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अर्जी दाखिल करके बॉण्ड की जानकारी सार्वजनिक करने के लिए 30 जून तक समय मांगा है। दरअसल इस बीच लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो जाएंगे। इसके बाद केंद्र की भाजपा सरकार को मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले चुनावी बॉण्ड का खुलासा होने पर सर्वाधिक समस्या बॉण्ड के रूप में चंदा देने वाले उद्योगपतियों और व्यवसायियों को करना पड़ेगा। भाजपा को चुंकि सर्वाधिक चंदा मिला है, ऐसे में बॉण्ड के खरीददार कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के निशाने पर रहेंगे। विशेष कर जिन राज्यों में कांग्रेस और गैर भाजपा दलों की सरकारें हैं, उनमें बॉण्ड खरीददारों को सत्तारुढ़ दलों के कोपभाजन का निशाना बनना पड़ सकता है। राजनीतिक दुर्भावना की नीयत से इनके खिलाफ कार्रवाई करने में विपक्षी दल कसर बाकी नहीं छोड़ेगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी और विपक्षी पार्टी के नेता पहले ही अडानी और अंबानी को घेरे हुए हैं। यही वजह है कि एसबीआई गले पड़ी इस मुसीबत को टालने के लिए 30 जून तक का समय मांग रही है। इस अवधि के बाद केंद्र की भाजपा सरकार को किसी बात का डर नहीं रहेगा। भाजपा को पूरी उम्मीद है कि फिर केंद्र में सरकार उसकी की बनेगी। सरकार बनने के बाद भाजपा के बॉण्ड के खरीददारों को सुरक्षा देने में केंद्र सरकार कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। लेकिन इससे पहले यदि इनके नामों का खुलासा किया गया तो निश्चित तौर पर राज्यों के सत्तारुढ़ विपक्षी दल खरीददारों का बख्शेंगे नहीं। कारण स्पष्ट है कि भाजपा की तुलना कांग्रेस को बेहद कम और अन्य दलों को अल्पमात्र चंदा मिला है। पिछले महीने, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच– न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया था और एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जानकारी में नकदीकरण की तारीख और बांड के मूल्यवर्ग को शामिल किया जाना चाहिए और 6 मार्च तक चुनाव पैनल को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को आदेश दिया था कि वह इन बॉन्डों को जारी करना बंद कर दे और इस माध्यम से किए गए दान का विवरण चुनाव आयोग को दे। इसके बाद चुनाव आयोग से कहा गया कि वह इस जानकारी को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने माना कि काले धन से लडने और दानदाताओं की गोपनीयता बनाए रखने का घोषित उद्देश्य इस योजना का बचाव नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि चुनावी बांड काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र तरीका नहीं है। चुनावी बांड योजना 2018 में काले धन को राजनीतिक प्रणाली में प्रवेश करने से रोकने के घोषित उद्देश्य के साथ शुरू की गई थी। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था कि भारत में राजनीतिक फंडिंग की पारंपरिक प्रथा नकद दान है। उन्होंने कहा था, ष्स्रोत गुमनाम या छद्म नाम हैं। धन की मात्रा का कभी खुलासा नहीं किया गया। वर्तमान प्रणाली अज्ञात स्रोतों से आने वाले अशुद्ध धन को सुनिश्चित करती है। यह पूरी तरह से गैर–पारदर्शी प्रणाली है। गोपनीयता खंड पर, उन्होंने कहा था कि दानदाताओं की पहचान का खुलासा उन्हें नकद विकल्प पर वापस ले जाएगा। दानकर्ता की जानकारी गोपनीय रखने के लिए एसबीआइ ने इलेक्टोरल बांड की खरीद और भुगतान के संबंध में देशभर में अपनी 29 अधिकृत शाखाओं (जहां से पहले इलेक्टोरल बांड जारी होते थे) के लिए एक स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) तय किया था। इसमें कहा गया था कि गोपनीयता बनाए रखने के लिए इलेक्टोरल बांड खरीदने वाले के बारे में कोई भी ब्योरा यहां तक कि केवाइसी भी कोर बैंकिंग सिस्टम में नहीं डाली जाएगी। एसबीआइ ने कहा है कि शाखाओं के जरिए खरीदे गए इलेक्टोरल बांड का ब्योरा केंद्रीयकृत ढंग से एक जगह नहीं रखा जाता। बांड खरीदने और उसके भुगतान की तिथि से जुड़ा ब्योरा दो भिन्न सिलोस में रखा जाता है। भारतीय स्टेट बैंक ने राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए चुनावी बॉण्ड का विवरण अब तक साझा नहीं किया है। इसकी डेडलाइन भी निकल चुकी है। स्टेट बैंक ने राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर एक आवेदन में स्टेट बैंक ने दलील दी कि प्रत्येक साइलो से जानकारी फिर से प्राप्त करना और एक साइलो की जानकारी को दूसरे से मिलाने की प्रक्रिया में समय लगेगा।चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई है। इस याचिका को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स ने दाखिल किया है। दरअसल, एसबीआई को चुनावी बॉन्ड से जुड़ी जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को मुहैया करानी थी लेकिन एसबीआई द्वारा ये जानकारी मुहैया नहीं कराई गई है। इस मुद्दे को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार और विपक्षी एक–दूसरे के खिलाफ आरोप–प्रत्यारोप लगा रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा कि जो पैसा बीजेपी को मिला, हम भी ये जानना चाहते हैं कि आपने इन पैसों से क्या किया? बीजेपी को अकेले 5000 करोड़ से ज्यादा पैसा आया। एसबीआई इन तमाम बातों का खुलासा करे कि किस पार्टी ने कितना पैसा किसको दिया। इसके जवाब में मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि हम अभी भी ये मानते हैं की ये सबसे ज्यादा पारदर्शी व्यवस्था थी। अगर कोई कहता है कि बीजेपी को ज्यादा पैसा मिला तो यह कुतर्क है, आज से 30–40 साल पहले हम अगर कहते कि कांग्रेस को ज्यादा पैसा मिला तो उसका क्या मतलब था। आज बीजेपी सबसे ज्यादा बड़ी पार्टी है। यह निश्चित है कि केंद्र सरकार के चुनावों में काले धन के जरिए होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के प्रयासों को सुप्रीम कोर्ट के फैसले झटका लगा है।

# उत्तर प्रदेश की राजनीति में फरसा फिर से तैयार है

देखा जाए तो मंडल कमीशन के बाद से यूपी में दलित–ओबीसी राजनीति ने जोर पकड़ा और उसके बाद से अब तक कोई ब्राह्मण सीएम नहीं बन पाया लेकिन मतदाता के तौर पर इस जाति ने 90 के दशक के दौरान शुरुआती झटकों से उबरते हुए पुराना रसूख फिर से हासिल कर लिया है। उत्तर प्रदेश को देश की राजनीति का केंद्र बिंदु माना जाता है। यहाँ की सियासत का सीधा असर केंद्र में देखने को मिलता है। गौरतलाब बात ये है कि देश को प्रभावित करने वाली उत्तर प्रदेश कि राजनीति में में ब्राह्मण वोटर्स की संख्या भले ही तकरीबन 12 फीसदी है लेकिन यह वर्ग प्रदेश की राजनीति को जबरदस्त प्रभावित करने की क्षमता रखता है। विधानसभा में करीब 115 सीटें ऐसी हैं, जिनमें ब्राह्मण मतदाताओं का अच्छा प्रभाव है। आश्चर्यजनक बात ये रही कि ऐसे समय जब लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान हो चुका है उस समय भी उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों के मिजाज और समीकरण पर कोई बात नहीं हो रही थी। एक तरफ जहाँ भाजपा और इंडी गठबंधन दोनों में ओबीसी वोट की लड़ाई दिख रही थी तो दूसरी तरफ मायावती डीएम यानी दलित मुस्लिम समीकरण के भरोसे ही हैं। ऐसा उस राज्य में हो रहा है जहां 6 बार ब्राह्मण मुख्यमंत्री रहे हैं और 2022 के विधान सभा चुनाव में 52 ब्राह्मण विधायक बने थे। देखा जाए तो मंडल कमीशन के बाद से यूपी में दलित–ओबीसी राजनीति ने जोर पकड़ा और



उसके बाद से अब तक कोई ब्राह्मण सीएम नहीं बन पाया लेकिन मतदाता के तौर पर इस जाति ने 90 के दशक के दौरान शुरुआती झटकों से उबरते हुए पुराना रसूख फिर से हासिल कर लिया है। यही कारण है कि मनुवाद का सीधा विरोध करने और मंडल कमीशन के बाद बदले सियासी माहौल में सत्ता पर काबिज होने वाली सपा और बसपा भी बाद में ब्राह्मण वोट बैंक को आकर्षित करने की रणनीति बनाने लगे। ब्राह्मण राजनीति का शोर नेपथ्य में जा ही रहा था कि इसी बीच उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने एक बार फिर ब्राह्मण स्वाभिमान और सम्मान को चर्चाओं में ला दिया है। शाहजहांपुर के जलालाबाद में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माला पहनाते हुए उन्होंने एक तस्वीर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जनता की आस्था का सम्मान करते हुए भगवान परशुराम की जन्मस्थली जलालाबाद के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए सरकार ने वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। सियासत में कम शब्दों में संदेश कह देने की कला महत्वपूर्ण होती है और इसीलिए जो इसमें माहिर है वह राजनीति के दांव पेंच में भी माहिर माना जाता है। ब्राह्मण स्वाभिमान के मुद्दे पर जितिन प्रसाद पिछले कुछ सालों में बेहद मुखर रहे, इन्होंने ब्राह्मणों के लिए संगठन बनाया और पूरे प्रदेश में घूम घूम कर ब्राह्मणों को एकजुट करने का अभियान चलाया। जितिन प्रसाद जब भाजपा में आए तब भी ये बात उठी थी कि जिस प्रकार ब्राह्मणों की नाराजगी को जितिन प्रसाद ने राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया था वो उनके भाजपा में शामिल होने के बाद राजनीतिक रुप से भाजपा के पक्ष में हो गई है। जितिन आज जिस कुर्सी पर हैं उस पर कभी नसीमुद्दीन सिद्दीकी और शिवपाल सिंह यादव जैसे दिग्गज रहे हैं। दोनों अपने अपने दलों में तो मजबूत रहे ही साथ ही अपनी जाति के लोगों के बीच नायक वाली छवि के साथ रहे और अब शायद जितिन भी धीरे धीरे उत्तर प्रदेश के ब्राह्मण समाज के बीच लगातार जाकर खुद को उसी नायक के रुप में स्थापित कर रहे हैं। ऐसे समय जब प्रबुद्ध सभा के सम्मेलनों तक की चर्चा नहीं हो रही थी उस वक्त भगवान परशुराम की प्रतिमा के साथ जतिन प्रसाद की तस्वीर ने उत्तर प्रदेश में तमाम नेताओं को असमंजस में डाल दिया है। यह देखना अब दिलचस्प रहेगा कि ब्राह्मण वोट किस प्रकार चुनावी समीकरण को प्रभावित करते हैं या सिर्फ कुछ जिलों तक ही यह प्रभाव सिमट कर रह जाएगा। परिणाम जो भी हो परंतु यदि जितिन अपनी पूरी ताकत से ब्राह्मण वर्ग को साथ लाने में प्रयासरत हो जाएंगे तो उत्तरप्रदेश में इस बार का चुनाव वाकई इतिहास रचने वाला होगा।

# अकबर की अम्मी का रामायण प्रेम

अजय दीक्षित

कम लोगों को मालूम होगा कि अकबर की अम्मी ने वाल्मीकि रामायण का फारसी में अनुवाद करवाया था । उस अनुवाद की कॉपी कहते हैं कि कतर की राजधानी दोहा के म्यूजियम में सुरक्षित है । इस्लामी आर्ट के इस संग्रहालय में यह अनोखी धरोहर मौजूद है । कहते हैं कि अकबर के आदेश पर बाल्मीक रामायण का अनुवाद शिष्ट फारसी में किया गया था । पहले इसका अनुवाद हिन्दी में हुआ फिर बोलचाल की फारसी में और फिर शिष्ट फारसी में । इसके लिए जो पंडित या मौलवी लगाये गये थे वह बहुत बड़े विद्वान थे, अपने–अपने क्षेत्र के । कहते हैं कि अकबर के दरबार में नियमित विभिन्न धर्मों सम्प्रदायों के जानकार इकत्र्रा होते थे और फिर वे परस्पर विचार विमर्श करते थे । यह भी कहा जाता है कि अकबर ने सुहैल कुल नाम से जो सम्प्रदाय चलाया था उसमें सभी धर्मों और सम्प्रदायों की अच्छी–अच्छी बातें ग्रहण कर ली गई थीं । यह दूसरी बात है कि सनातन धर्म मुगल आक्रांताओं के निरन्तर प्रहार के बाद भी स्थिर रहा क्योंकि इस धर्म के अनुयायी जुल्म सहकर भी अपनी आस्था में अडिग रहे । अकबर ने हिन्दू धर्म स्थलोंध्तीर्थों की यात्रा करने वालों पर जो टैक्स लगाया था उससे भी यह आस्थावान विचलित नहीं हुये । अकबर की अम्मी हमीदा बानो बेगम ने फारसी जिस जिल्द में अनुवाद करवाया है, उसमें कहते हैं, चित्रकारी भी है । पहले छपाई की व्यवस्था नहीं थी । तो जो अच्छी हैंडराइटिंग में लिख सकते थे उन्हें कैलीग्राफर कहते हैं । परशियन आर्ट के जानकारों ने इस अनुवाद की प्रति को चित्रकारी से सजाया । बाद में बहुत से मुगल दरबारियों ने इस अनुवाद की कॉपी करके अपनी– अपनी प्रतियां बनवाईं । हमीदा बानो बेगम अकबर की दूसरी पत्नी थीं । उनके इंतकाल के बाद उन्हें ष्मरियम मकानीष की पदवी दी गई । हमीदा बानो बेगम ने जो अनुवाद करवाया था, उसकी मूल प्रति में 450 फोलियो हैं और 56 पेंटिंग हैं । कहते हैं कि यह पेंटिंग सोने के पानी से सजाई गई हैं । बाल्मीकि रामायण के सर्ग और श्लोकों का हू–ब–हू अनुवाद किया गया है । सबसे पहले लिखा गया है–– वह अल्लाह आलम बी–– अल स्वाबी जिसका अर्थ होता है और ईश्वर जानता है सब कुछ ष्वा अल्लाह आलम बि–अल सवाबीष अंग्रेजी में इसका अर्थ है ष और भगवान सबसे अच्छा जानता है. 1604 में यह्न ग्रन्थ मुगल लाइब्रेरी में रखा गया और 1604 में उनकी मृत्यु के बाद यह दोहा के संग्रहालय में है । कहते हैं यह सुन्दर कैलीग्राफी में शुद्ध फारसी में लिखी प्रति सन् 1594 में पूरी हो पाई थी । अकबर ने अपने कार्यकाल में अनेक संस्कृत धर्म ग्रन्थों और काव्यों का अनुवाद करवाया था । इस ग्रन्थ फारसी में अनुदित ग्रन्थ में राम को तो राम ही लिखा गया है परन्तु दशरथ को श्जशरथश कहा गया है । कहते हैं हमीदा बानो बेगम सीता द्वारा उठाये गए कष्टों के कारण स्वयं भी पीड़ा महसूस करती थी । अकबर के समय में और भी संस्कृत ग्रन्थों का अनुवाद हुआ है और हिन्दू देवी देवताओं को आदम खुदा अबू बसर आदि के रूप में वर्णित किया गया है । आज देश में जो साम्प्रदायिक माहौल में उबाल आ रहा है, उसमें ऐसे तथ्यों से कुछ उबाल कम होगा, यह उम्मीद की जानी चाहिये । ख्उपरोक्त विवरण टाइम्स ऑफ इण्डिया के ग्वालियर संस्करण के दिनांक 16 फरवरी, 2024 में छपी रिपोर्ट के आधार पर है ।,

## आज का राशिफल

मेष राशिरू आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे भलीभांति तय वक्त पर पूरा करके दिखाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको उम्मीद भरी नजरों से देखा जाएगा। आपकी काबिलियत का जूनियर भी अनुसरण करने की कोशिश करेंगे। इस दौरान आप किसी भी तरह की जल्दबाजी ना करें। आपको संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलने के योग बनें है।

वृष राशि रू आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत बनेगी। धन कमाने के कई मौके मिलेंगे। जिनसे आपको काफी धन लाभ होगा। आपके व्यापार में अच्छी प्रगति के योग हैं आज काम की वजह से आपकी व्यस्तता ज्यादा रहेगी। परिवार के लिए समय निकाल पाने में मुश्किलें आएंगी। इससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

मिथुन राशि रू आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपके स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार आएगा। आपके रुके हुए सभी कार्य पूरे होने लगेंगे। सही और गलत का भेद करके ही कोई निर्णय लें। इसका आपको कार्यक्षेत्र में फायदा मिलेगा। आज कहीं दोस्तों के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

कर्क राशि रू आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आपको रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सफलता मिलेगी। करियर और व्यापार के लिहाज से आज का दिन शुभ रहने वाला है। आप कार्यस्थल पर अपने किसी सीनियर्स के साथ आज वाद विवाद से बचें। काम में थोड़ी बाधाएं आएंगी लेकिन आप अपनी समझदारी ठीक कर लेंगे। अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में आपकी पहचान बनेगी।

सिंह राशि रू आपके लिए आज का दिन खास रहेगा। आप किसी के साथ साझेदारी में कोई नया व्यापार शुरू कर सकते हैं। आपको महत्वपूर्ण लाभ होगा। धैर्य रखने से रुके हुए कार्यों को पूरा करेंगे। आज आपके शत्रु परास्त होंगे। घर में बड़े–बुजुर्ग की सेहत अच्छी रहेगी। धार्मिक गतिविधियों में आप बहुत एक्टिव रहेंगे।

कन्या राशि रू आपके लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी योग्यता से अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आपको अच्छा प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। आप धैर्य के साथ पढ़ाई करेंगें, जिससे आपको बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। जो लोग किसी बड़े सरकारी पद की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले हैं, अपनी मेहनत के दम चयनित हो सकते हैं। आपको किए गए किसी निवेश से अच्छा धन लाभ होगा।

वृश्चिक राशि रू आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज आप खुद के विश्वास के दम पर बहुत कुछ कर पाएंगे घर में कोई बड़ा उत्सव होगा इसे पारिवारिक माहौल धार्मिक और शांतिपूर्ण रहेगा, मन में आज कुछ नया सीखने की इच्छा जगेगी, जिससे आप कुछ नया पढने का विचार बना सकते हैं इससे ना केवल आपको खुशी मिलेगी बल्कि आपका ज्ञान भी बढ़ेगा कुछ नए महत्वपूर्ण लोगों से आज आपकी मुलाकात होगी।

धनु राशि रू आपके लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में विशेष सफलता मिलेगी। दोस्तों के साथ इंज्वॉय करेंगे। यदि आप साझेदारी में कोई व्यापार कर रहे हैं तो थोड़े उतार–चढ़ाव की स्थिति बनेगी।


मकर राशि रू आपके लिए आज का दिन रोज से अच्छा रहेगा। आपके पारिवारिक जीवन में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। घर के सदस्यों में आपसी सौहार्द बना रहेगा। इस दौरान आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

कुंभ राशि रू आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आपके घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। जिसमें आप अपने सभी सगे संबंधियों से मिलेंगे। आपको खुशी मिलेगी और रिश्तों में मजबूती आएगी।

मीन राशि रू आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आप अपने मनपसंद कार्यक्षेत्र में अपनी काबिलियत से बेहतर परफॉर्म करेंगे। आपको बहुत अच्छी सफलता मिलेगी। आमदनी बढ़ेगी और आपके बैंक बैलेंस में भी ग्रोथ होगी। आपको कार्यक्षेत्र में सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर कोई नया व्यापार शुरू करने का प्लान करेंगे। इससे आपको काफी लाभ हो सकता है।

# चीन को महान मित्र बताने वाले नेहरू अमेरिका के थे खिलाफ, 1950 के दशक में कांग्रेस सरकार की फारेन पालिसी पर खुलकर बोले जयशंकर

जयशंकर ने नेहरू द्वारा लिए गए फैसलों पर भी सवाल उठाया और कहा कि यह पीछे मुड़कर देखने की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि 1950 के दशक में हम चीन की ओर से अमेरिकियों को अलग–थलग कर रहे थे। हम चीन का मुद्दा उठा रहे थे। 1950 में हमने अमेरिका के साथ अपने रिश्ते खराब कर लिए क्योंकि हम चीन की ओर से बहस कर रहे थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को एक शिखर सम्मेलन में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन की तुलना करते हुए कहा कि भारत को पंथ पूजा से बाहर निकलने की जरूरत है जहां 1946 से लेकर पिक–योर–ईयर तक कुछ भी महान वर्ष थे। सब कुछ शानदार ढंग से हुआ, जो कुछ भी गलत हुआ उसके लिए दूसरे लोग दोषी थे। जयशंकर ने कहा कि देश के अंदर अपने बारे में बहुत गर्व की भावना है। उन्होंने कहा कि 1950 के दशक में भारत सरकार ने चीन की ओर से अमेरिकियों को अलग–थलग कर दिया था। यह एक बुलबुला है जिसे हमने बनाया है। पहले के वर्षों में यह बिल्कुल नेहरूवादी विचारधारा का बुलबुला था। नेहरू अमेरिका के खिलाफ थे, इसलिए हर कोई अमेरिका के खिलाफ था। नेहरू कहते हैं कि चीन एक महान मित्र है, हर कोई कहता है कि चीन एक महान मित्र है। जयशंकर ने नेहरू द्वारा लिए गए फैसलों पर भी सवाल उठाया और कहा कि यह पीछे मुड़कर देखने की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि 1950



के दशक में हम चीन की ओर से अमेरिकियों को अलग–थलग कर रहे थे। हम चीन का मुद्दा उठा रहे थे। 1950 में हमने अमेरिका के साथ अपने रिश्ते खराब कर लिए क्योंकि हम चीन की ओर से बहस कर रहे थे। जयशंकर ने कहा कि नेहरू की विदेश नीतियां आलोचना से परे नहीं थीं। ऐसी भावना थी कि नेहरू की विदेश नीति इतनी त्रुटिहीन धर्मशास्त्र है कि आज भी जो भी सत्ता में आता है उसे इसका पालन करना पड़ता है और कोई भी विचलन गलत है। कंपनियों का ऑडिट किया जाता है, आखिरकार, देशों का भी ऑडिट किया जाना चाहिए, नीतियों का ऑडिट किया जाना चाहिए और लोगों को खुले और आलोचनात्मक दिमाग से अतीत को देखना चाहिए।"

# पुतिन की रेकार्ड जीत पर पीएम मोदी ने किया फोन, यूक्रेन को लेकर भी हुई चर्चा

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन से बात की और उन्हें रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी। हम आने वाले वर्षों में भारत–रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की, जिसके दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और दोनों देशों के बीच षविशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारीष को मजबूत करने पर चर्चा की। पीएम मोदी ने रूसी नेता को हाल ही में दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई भी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन से बात की और उन्हें रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी। हम आने वाले वर्षों में भारत–रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों में प्रगति की भी समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। रूस–यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा करते हुए, पीएम मोदी ने आगे बढ़ने के रास्ते के रूप में बातचीत और कूटनीति के पक्ष में भारत की निरंतर स्थिति को दोहराया। दोनों नेता संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए।



# कोयले की खदान में विस्फोट, अब तक 12 की मौत, शहबाज शरीफ ने क्या कहा ?

कोयले के भंडार पाकिस्तान के पश्चिमी इलाकों में पाए जाते हैं जो अफगान सीमा के पास स्थित हैं और खदान दुर्घटनाएँ आम हैं, मुख्यतः गैस निर्माण के कारण। श्रमिक संघ के अधिकारियों ने अतीत में कहा था कि खदान श्रमिकों ने शिकायत की है कि सुरक्षा गियर की कमी और खराब कामकाजी स्थितियां लगातार दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं। दक्षिण–पश्चिमी पाकिस्तान में एक कोयला खदान में विस्फोट के बाद 12 खनिकों की मौत हो गई और आठ को बचा लिया गया। बलूचिस्तान प्रांत के खानों के मुख्य निरीक्षक अब्दुल गनी बलूच ने बुधवार सुबह कहा कि श्बचाव अभियान अभी पूरा हुआ है।श उन्होंने कहा कि रात भर मीथेन गैस विस्फोट होने पर 20 खनिक खदान के अंदर थे। उन्होंने बताया कि बचाव दल ने 12 शव बरामद किए हैं, जबकि



जीवित बचे लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। कोयले के भंडार पाकिस्तान के पश्चिमी इलाकों में पाए जाते हैं जो अफगान सीमा के पास स्थित हैं और खदान दुर्घटनाएँ आम हैं, मुख्यतः गैस निर्माण के कारण। श्रमिक संघ के अधिकारियों ने अतीत में कहा था कि खदान श्रमिकों ने शिकायत की है कि सुरक्षा गियर की कमी और खराब कामकाजी स्थितियां लगातार दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कीमती जिंदगियों के नुकसान पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया। पाकिस्तान की खदानों में घातक घटनाएं असामान्य नहीं हैं, जो खतरनाक कामकाजी परिस्थितियों और खराब सुरक्षा मानकों के लिए जानी जाती हैं। मई 2018 में पाकिस्तान के सबसे बड़े लेकिन सबसे गरीब प्रांत, संसाधन संपन्न बलूचिस्तान में दो पड़ोसी कोयला खदानों में गैस विस्फोट के बाद 23 लोग मारे गए और 11 घायल हो गए। 2011 में बलूचिस्तान की एक अन्य कोलियरी में गैस विस्फोट के कारण ढहने से कुल 43 श्रमिकों की भी मौत हो गई। बलूचिस्तान कोल माइंस वर्कर्स फेडरेशन के प्रमुख लाला सुल्तान ने कहा, ष्यह घटना न तो बलूचिस्तान में पहली है और न ही आखिरी होगी।

# दोस्त बुलाए तो जाना पड़ता है... चुनावी प्रचार छोड़कर अचानक चीन के पड़ोस में पहुंच रहे मोदी, स्वागत में लग गए पोस्टर


लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार का दौर भी शुरू हो चुकी है। बीजेपी की तरफ से प्रचार अभियान की कमान खुद प्रधानमंत्री मोदी ने उठा रखी है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक धुआंधार रोड शो और जनसभाओं के जरिए पीएम मोदी अबकी बार 400 पार का नारा लगाते और जनता को एक बार फिर से एनडीए को चुनने की अपील करते नजर आ रहे हैं। लेकिन चुनाव प्रचार के बीच पीएम मोदी अचानक चीन के पड़ोस में जाने वाले हैं। पीएम मोदी का दो दिना का दौरा रहने वाला है। पड़ोसी पहले नीति के तहत पीएम मोदी का ये दौरा है। पीएम मोदी के



दौरे को लेकर भूटान में जबरदस्त तैयारी की गई है। भूटान के पीएम इसी हफ्ते भारत आए थे। अपनी मुलाकात के बारे में बताते हुए टोबगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बड़ा भाई कहा था। इसके बाद पीएम मोदी ने न्यौता भी स्वीकार किया था। पीएम की यात्रा से पहले भूटान के पारो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के वीडियो सामने आया है। जिसमें पीएम मोदी के स्वागत के लिए खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। अब भूटान के दो दिन के दौरे पर पीएम रहने वाले हैं। पीएम मोदी 21 मार्च यानी गुरुवार के दिन रवाना होंगे। पड़ोसी प्रथम नीति पर जोर मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान–प्रदान की परंपरा और सरकार की पड़ोसी प्रथम नीति पर जोर देने के अनुरूप है। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, भूटान के राजा और पूर्व राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात करेंगे। बयान में कहा गया है कि मोदी भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मामलों पर भी चर्चा करेंगे। भारत और भूटान एक अनोखी और स्थायी साझेदारी साझा करते हैं जो आपसी विश्वास, समझ और सद्भावना पर आधारित है। हमारी साझा आध्यात्मिक विरासत और लोगों के बीच मधुर संबंध हमारे असाधारण संबंधों में गहराई और जीवंतता जोड़ते हैं।

# नार्थ कोरिया ने किया हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने में प्रगति का दावा

आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने बताया कि किम ने मंगलवार को उत्तर–पश्चिमी रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र' में हाइपरसोनिक मिसाइल के लिए बहु चरणीय ठोस ईंधन इंजन के ग्राउंड जेट परीक्षण का मार्गदर्शन किया। उत्तर कोरिया ने अपनी नई, मध्यम दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल के लिए एक ठोस–ईंधन इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। हाइपरसोनिक मिसाइल उच्च तकनीक हथियार प्रणालियों की एक श्रृंखला का हिस्सा है जिसे उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने बढ़ती अमेरिकी शत्रुता से निपटने के लिए 2021 में पेश करने का सार्वजनिक रूप से संकल्प लिया था। आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने बताया कि किम ने मंगलवार को उत्तर–पश्चिमी रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र' में हाइपरसोनिक मिसाइल के लिए बहु चरणीय ठोस ईंधन इंजन के ग्राउंड जेट परीक्षण का मार्गदर्शन किया। इसमें किम के हवाले से कहा गया है कि मध्यम दूरी वाली नई मिसाइल का रणनीतिक महत्व अमेरिका की मुख्य भूमि को निशाना बनाने वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों की तरह ही है और दुश्मन इसके बारे में बेहतर जानते हैं।



# हर नागरिक की आवाज मायने रखती है, एस जयशंकर बोले– ईवीएम की शुरुआत पारदर्शिता, दक्षता और...

एस जयशंकर ने कहा कि यह दर्शाती है कि जटिलताओं के बीच भी, प्रत्येक नागरिक की आवाज मायने रखती है। 968 मिलियन पंजीकृत मतदाताओं, 15 मिलियन चुनाव अधिकारियों और 1.2 मिलियन मतदान केंद्रों के साथ, भारत के राष्ट्रीय चुनावों का आगामी 18वां संस्करण देश में अब तक का सबसे बड़ा चुनावी लॉजिस्टिक्स अभ्यास होगा। तक समिट फॉर डेमोक्रेसी में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की शुरूआत पारदर्शिता, दक्षता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह बदलाव न केवल आधुनिक लोकतंत्र के सिद्धांतों के अनुरूप है बल्कि अधिक नागरिक भागीदारी का मार्ग प्रशस्त करता है, खासकर युवाओं के बीच जो हमारी लोकतांत्रिक विरासत की जिम्मेदारियां संभालेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव कराने के लिए भारत की प्रतिबद्धता इसकी लोकतांत्रिक मशीनरी के लचीलेपन और अनुकूलन क्षमता को रेखांकित करती है। एस जयशंकर ने कहा कि यह दर्शाती है कि जटिलताओं के बीच भी, प्रत्येक नागरिक की आवाज मायने रखती है। 968 मिलियन पंजीकृत मतदाताओं, 15 मिलियन चुनाव अधिकारियों और 1.2 मिलियन मतदान केंद्रों के साथ, भारत के राष्ट्रीय चुनावों का आगामी 18वां



संस्करण देश में अब तक का सबसे बड़ा चुनावी लॉजिस्टिक्स अभ्यास होगा।

समिट फॉर डेमोक्रेसी क्या है? पहला शिखर सम्मेलन बाइडेन के प्रमुख अभियान वादों में से एक की पूर्ति थी। यह दुनिया भर में लोकतांत्रिक पतन और अधिकारों और स्वतंत्रता के क्षरण को रोकने में मदद करने के लिए 100 से अधिक देशों की अपनी तरह की पहली सभा थी। इसे कोविड–19 प्रतिबंधों के कारण ऑनलाइन आयोजित किया गया था। दूसरा शिखर सम्मेलन 2022 में संयुक्त राज्य अमेरिका, कोस्टा रिका, जाम्बिया, नीदरलैंड और दक्षिण कोरिया द्वारा सह–मेजबान किया गया था, वह भी ऑनलाइन था।

# इमरान खान की पार्टी के नेताओं के खिलाफ नौ मई के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी

गंडापुर के खिलाफ दायर एक मामले के आधार पर कार्रवाई की और अधिकारियों को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री को अन्य लोगों के साथ दो अप्रैल को अदालत के सामने पेश करने का आदेश दिया। पाकिस्तान की एक आतंकवाद निरोधी अदालत ने पिछले साल नौ मई को हुई हिंसा से जुड़े एक मामले में खैबर–पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ मंगलवार को गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किए।रावलपिंडी स्थित आतंकवाद विरोधी अदालत के न्यायाधीश मलिक इजाज आसिफ ने गंडापुर के खिलाफ दायर एक मामले के आधार पर कार्रवाई की और अधिकारियों को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री को अन्य लोगों के साथ दो अप्रैल को अदालत के सामने पेश करने का आदेश दिया। कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के परिसर से अर्धसैनिक रेंजर द्वारा पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान को गिरफ्तार किए जाने के बाद नौ मई को



हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे जिन अन्य पीटीआई नेताओं को गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं उनमें मुराद सईद, शिबली फराज, शाहबाज गिल, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल शब्बीर अवान, शिरीन मजारी, मुसर्रत जमशेद चीमा और साद जमील अब्बासी शामिल हैं।

# जो वाइडन और ट्रंप ने अपने–अपने दलों के लिए प्राइमरी चुनाव जीते

वहीं, ओहायो में रिपब्लिकन सीनेट प्राइमरी में ट्रंप समर्थित कारोबारी बर्नी मोरेनो ने दो दावेदारों को हरा दिया जिनमें ओहायो के मुख्य निर्वाचन अधिकारी फ्रैंक फ्रैंक लारोस और मैट डोलन शामिल हैं। ट्रंप ने शनिवार को ओहायो में रैली की जो कई सालों से रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करता रहा है।टेम्पे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को अपने–अपने दलों के प्राइमरी चुनाव जीत लिए, जिससे इन दोनों नेताओं के बीच इस साल नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में फिर से मुकाबला होने की संभावना बढ़ गई है। दोनों ही नेता अपने–अपने दलों के संभाावित उम्मीदवार हैं। ट्रंप ने एरिजोना, फ्लोरिडा, इलिनोइस,




कन्सास और ओहायो में रिपब्लिकनप्राइमरी चुनाव आसानी से जीत लिए, वहीं बाइडन ने भी फ्लोरिडा को छोड़ इन राज्यों में हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की है। फ्लोरिडा में डेमोक्रेट्रिक पार्टी ने अपनी प्राइमरी को रद्द कर दिया और अपने सभी 224 प्रतिनिधियों का समर्थन बाइडन को दे दिया। वहीं, ओहायो में रिपब्लिकन सीनेट प्राइमरी में ट्रंप समर्थित कारोबारी बर्नी मोरेनो ने दो दावेदारों को हरा दिया जिनमें ओहायो के मुख्य निर्वाचन अधिकारी फ्रैंक फ्रैंक लारोस और मैट डोलन शामिल हैं। ट्रंप फ्लोरिडा के मतदाता हैं और उन्होंने पाम बीच पर स्थित एक मनोरंजन केंद्र में मंगलवार को वोट डालने के बाद पत्रकारों से कहा, "मैंने डोनाल्ड ट्रंप को वोट दिया है।" ट्रंप ने शनिवार को ओहायो में रैली की जो कई सालों से रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करता रहा है। इस बीच बाइडन मंगलवार को नेवादा और एरिजोना के दौरे पर रहे। ये दोनों राज्य दोनों दावेदारों के लिए शीर्ष प्राथमिकता वाले राज्यों में शामिल हैं।

# पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी को भ्रष्टाचार के मामले में मिली छूट



जरदारी पर आरोप है कि राष्ट्रपति के पद पर रहते उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल 2008 से 2013 के दौरान अपनी कुछ बड़ी कंपनियों के लिए ऋण जारी करने के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रभावित किया था। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कहा कि भ्रष्टाचार के एक मामले में जरदारी को पद पर रहते विशेष छूट मिलेगी। भ्रष्टाचार के इस मामले को आमतौर पर पार्क लेन के रूप में जाना जाता है। जरदारी के वकीलों ने सुनवाई के दौरान दलील दी कि राष्ट्रपति बनने के बाद उनपर अदालती मामलों में मिलने वाली छूट लागू होती है और अब उनके खिलाफ कोई भी सुनवाई जारी नहीं रह सकती। जरदारी नौ मार्च को दूसरी बार पाकिस्तान के राष्ट्रपति चुने गए थे।

# कंगुवा का दमदार टीजर हुआ रिलीज, खूंखार लुक में दिखे सूर्या और बाबी देओल

साउथ सिनेमा के कुछ कलाकार ऐसे हैं, जिनकी फिल्मों का फैंस को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। उन अभिनेताओं की सूची में सूर्या का नाम लिस्ट में टॉप पर बना रहता है। सूर्या की अपकमिंग फिल्मों में कंगुवा मौजूद है, जिसकी चर्चा काफी लंबे समय से चली आ रही है। अब तक कंगुवा के कई पोस्टर सामने आ चुके हैं, जिनको देखकर प्रशंसकों का क्रेज काफी बढ़ा हुआ है और अब उनका ये क्रेज दोगुना होने वाला है। क्योंकि सूर्या, बॉबी देओल और दिशा पाटनी स्टारर कंगुवा का टीजर लॉन्च कर दिया गया है।आपको बता दें कि फिल्म मेकर्स की तरफ से इस बात का एलान पहले ही कर दिया गया था कि आज यानी 19 मार्च को कंगुवा का टीजर रिलीज किया जाएगा। तय समय के अनुसार, सूर्या की मोस्ट अवेटेड फिल्म कंगुवा का टीजर सामने आ गया है। इस टीजर में सूर्या और बॉबी देओल एक दम से अलग और खूंखार अंदाज में दिख रहे हैं।खासतौर एनिमल फिल्म से धमाकेदार वापसी करने वाले बॉबी फिल्म कंगुवा के इस टीजर में धांसू लुक में नजर आ रहें हैं। इन दोंनों एक्टर के खतरनाक लुक इस लेटेस्ट वीडियो में आसानी से देखने को मिल जाएगी। इस टीजर से ये अनुमान लगाया जा सकता है कि सूर्या की कंगुवा एक अलग और अनोखी कहानी दर्शाने वाली है।यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म में बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।प्रशंसक पिछले कुछ दिनों से फिल्म की एक झलक देखने का इंतजार कर रहे थे, जो खत्म हो चुका है।कंगुवा को 38



भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी।बताया जा रहा है कि डायरेक्टर शिवा के निर्देशन में कंगुवा को इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है।

## बाक्स आफिस पर शैतान का जलवा बरकरार, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 150 करोड़ के पार

अजय देवगन की शैतान्च का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार है. फिल्म में आर माधवन की खलयानकी लोगों को बहुत पसंद आ रही है. हर दिन ये सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कलेक्शन कर रही है. यहां तक कि हाल ही में रिलीज हुई सिद्धार्थ मल्होत्रा की श्योद्धाच्च और अदा शर्मा की श्बस्तररू द नक्सल स्टोरीच्च का भी श्शैतान्च के कलेक्शन पर कुछ खास असर नहीं पड़ रहा है. चलिए जानते हैं कि अजय



देवगन और आर माधवन की फिल्म ने दूसरे सोमवार बॉक्स ऑफिस पर कितने करोड़ का बिजनेस किया है. बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत से ही श्शैतान्च का डंका बज रहा है. पहले दिन फिल्म ने 14.75 करोड़ रुपये का जबरदस्त कलेक्शन किया था. फिल्म ने दूसरे दिन 18.75 करोड़, तीसरे दिन 20.5 करोड़, चौथे दिन 7.25 करोड़, पांचवें दिन 6.5 करोड़, छठवें दिन 6.25 करोड़ और सातवें दिन 5.75 करोड़ रुपये की कमाई की. 8वें दिन श्शैतान्च ने 5.05 करोड़ और 9वें दिन 8.5 करोड़ और 10वें दिन 9.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. आर माधवन और अजय देवगन की फिल्म श्शैतान्च ने 10वें दिन ही 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया था. ऋतिक रोशन की श्फाइटरस्च के बाद श्शैतान्च दूसरी फिल्म बन गई है, जिसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में एंट्री मारी है. अब इसके 11वें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के मुताबिक, श्शैतान्च ने दूसरे सोमवार को देशभर में 3 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. इस तरह भारत में अब तक फिल्म की टोटल कमाई 106.05 करोड़ हो चुकी है.देश ही नहीं बल्कि विदेशों मे भी अजय देवगन और आर माधवन की शैतान्च छप्पफाड़ कलेक्शन कर रही है. ये फिल्म अब तक दुनियाभर में 152.11 करोड़ का बिजनेस कर चुकी है. अब शैतान तेजी से 200 करोड़ क्लब की ओर बढ़ रही है.गौरतलब है कि अजय देवगन और आर माधवन की हॉरर फिल्म श्शैतान्च 8 मार्च को सिनेमाघरों मे रिलीज हुई थी. इसका डायरेक्शन विकास बहल ने किया है. दरअसल ये गुजराती फिल्म वश का हिंदी रीमेक है. शैतान में अजय देवगन और आर माधवन के अलावा ज्योतिका और जानकी बोदीवाला ने अहम भूमिका निभाई है.

## सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की कमाई में भारी गिरावट, अदा शर्मा की फिल्म बस्तर का हाल-बेहाल

सागर आंब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी फिल्म योद्धा को समीक्षकों के साथ दर्शकों की ओर से मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली है।इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा एक कुशल सैनिक के किरदार में हैं, जो हाइजैक विमान को बचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं।योद्धा ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन कुछ खास कमाल नहीं दिखाया, लेकिन वीकेंड पर फिल्म ने लंबी छलांग लगाई।अब कामकाजी दिनों में फिल्म की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, योद्धा ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी फिल्म बस्तररू द नक्सल स्टोरी ने बीते शुक्रवार यानी 15 मार्च को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन यह शुरुआत से दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है। द केरल स्टोरी की सफलता के बाद इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म की कमाई शुरुआत से लाखों में सिमटी हुई है।अब बस्तर की कमाई के चौथे दिन का आंकड़े सामने आ चुके हैं, जिसमें अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बस्तर ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार



सोमवार को 2.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 19 करोड़ रुपये हो गया है।योद्धा ने 4.1 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।दूसरे दिन फिल्म की कमाई में उछाल आया और यह 5.75 करोड़ रुपये समेटने में सफल रही। तीसरे दिन इस फिल्म ने 7 करोड़ रुपये कमाए थे।दुसरी ओर अदा शर्मा की को 24 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 2.24 करोड़ रुपये हो गया है।बस्तर ने महज 40 लाख रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।दूसरे दिन फिल्म ने रफ्तार पकड़ी और इसने 75 लाख रुपये कमाए तो वहीं तीसरे दिन यह फिल्म 85 लाख रुपये समेटने में सफल रही।

# आयुष शर्मा की रुस्लान का पहला गाना ताड़े जारी, 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

सलमान खान के बहनोई और बॉलीवुड अभिनेता आयुष शर्मा पिछले लंबे समय से अपनी आने वाली फिल्म रुस्लान को लेकर चर्चा में हैं।इसमें आयुष की जोड़ी सुश्री मिश्रा के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। इस फिल्म के जरिए सुश्री अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं।अब रुस्लान का पहला गाना ताड़े जारी कर दिया है, बेहद प्रतिभाशाली विशाल मिश्रा द्वारा रचित और गाया गया यह ट्रैक, जिसका शीर्षक ताड़े है, अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुन और आत्मा को झकझोर देने वाले गीतों के कारण सबसे अलग है।प्रखर गीतकार शब्बीर अहमद द्वारा लिखित, ताडे एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुन की पृष्ठभूमि में जुनून और इच्छा की कहानी बुनती है। भावोत्तेजक गीत और मिश्रा के भावपूर्ण गायन के साथ, यह गीत श्रोताओं को एक ऐसी दुनिया में ले जाता है जहां प्यार की कोई सीमा नहीं होती और भावनाएं गहरी होती हैं।ताड़े का आकर्षण प्रशंसित रजित देव की कोरियोग्राफी ने बढ़ा दिया है, जिनकी उत्कृष्ट चालें गाने को स्क्रीन पर जीवंत बना देती हैं। हर कदम और भाव–भंगिमा के साथ, नर्तक संगीत में जान डाल देते हैं। मुख्य जोड़ी आयुष शर्मा



और सुश्री मिश्रा को एक साथ देखना एक सुखद अनुभव है।मुख्य अभिनेता आयुष शर्मा ने कहा, अगर टीजर में स्केल और पंच दिखाए गए हैं, तो ताड़े के साथ हम दर्शकों को रुसलान की आत्मा का दर्शन करा रहे हैं। गाने की शूटिंग के अपने अनुभव को याद करते हुए, अग्रणी महिला सुश्री मिश्रा ने कहा, ताड़े का प्रदर्शन करना मेरे लिए एक उत्साहजनक अनुभव था, क्योंकि इससे मुझे नृत्य के प्रति अपने जुनून को उजागर करने का मौका मिला। एक नवोदित कलाकार के रूप में, मेरा मानना है कि यह गाना एक प्रदर्शन है मेरी प्रतिभा और उसमें मेरे द्वारा की गई कड़ी मेहनत का प्रतिबिंब। यह गाना सारेगामा म्यूजिक के यूट्यूब चौनल पर उपलब्ध है। यह फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

## फिल्म वेदा का धमाकेदार टीजर रिलीज, फुल एक्शन अवतार में दिखाई दिए जान अब्राहम, शरवरी वाघ

जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की मोस्ट अवेटेड फिल्म वेदा का दमदार टीजर रिलीज हो गया है. टीजर में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ फुल ऑन एक्शन अवतार में दिखाई दिए हैं. टीजर में शरवरी वाघ को सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाते देखा जा सकता है. वहीं जॉन अब्राहम उनके रक्षक बनकर उनके साथ जंग लड़ते दिखाई देंगे. दोनों स्टार्स का सामना विलेन बने अभिषेक बनर्जी से होने वाला है. वेदा के टीजर की शुरुआत शरवरी वाघ के एक्शन लोडेड अवतार से होती है. जो अपनी हक की लड़ाई लडने के लिए



जद्दोजहद करती दिखाई देती हैं. इसके बाद जॉन अब्राहम की एंट्री होती है जो कहते हैं– मुझे झगडना नहीं आता, सिर्फ जंग लडनी आती है. इसके बाद जब उनके दुश्मन उनकी पहचान पूछते तो वो खुद को बाप बताते हैं. वेदा के टीजर में तमन्ना भाटिया की भी झलक देखने को मिलती है. फिल्म में तमन्ना और जॉन की केमिस्ट्री देखने को मिल सकती है.जी स्टूडियो के प्रोडक्शन में बनी एक्शन फिल्म वेदा को निखिल आडवाणी ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ लीड रोल में हैं. इसके अलावा अभिषेक बनर्जी और तमन्ना भाटिया भी फिल्म का हिस्सा हैं. वेदा इसी साल 12 जुलाई को थिएटर्स में दस्तक देगी.बता दें कि वेदा के जरिए जॉन अब्राहम डेढ़ साल बाद पर्दे पर वापसी करने वाले हैं. एक्टर आखिरी बार शाहरुख खान स्टारर पठान में दिखाई दिए थे. फिल्म में जॉन विलेन के रोल में नजर आए थे और ये फिल्म पर्दे पर हिट रही थी.

## रणदीप हुडा की फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर का पहला गाना द सावरकर राजे हुआ रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारने के लिए तैयार हैं।फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर में रणदीप न सिर्फ सावरकर की भूमिका में नजर आएंगे, बल्कि इस फिल्म से वह बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत कर रहे हैं।अब स्वतंत्र वीर सावरकर का पहला गाना द सावरकर राजे जारी कर दिया है, जिसे सम्बता ने अपनी आवाज दी है।इस गाने के बोल भी उन्होंने ही लिखे हैं।रणदीप ने गाना



साझा करते हुए लिखा, धर्म से है क्रांतिकारी, हौसला है तूफानी... ना रोक सकता गोरा, ना रोक सकता काला पानी। हर छंद में, हर कविता में, उनकी विरासत समय के साथ गूंजती है। सावरकर के किरदार को निभाने के लिए रणदीप ने 30 किलो वजन घटाया है।रणदीप ने एक ऐसी तस्वीर साझा की है, जिसमें उन्हें पहचानना मुश्किल है।

रणदीप ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह शीशे के सामने सेल्फी लेते हुए नजर आ रहे हैं। रणदीप ने तस्वीर साझा करते हुए लिखा, काला पानी। स्वतंत्र वीर सावरकर 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म को हिंदी के साथ मराठी भाषा में रिलीज किया जाएगा। इसमें अंकिता लोखंडे और अमित सियाल जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# मेरी जीवन यात्रा को दिखाता है शो सावधान इंडिया अपनी खाकी में मेरा किरदार तन्वी मल्हारा

शो सावधान इंडिया अपनी खाकी में एक तेजतर्रार सब–इंस्पेक्टर प्रगति देशमुख की भूमिका निभाने वाली एक?ट्रेस तन्वी मल्हारा ने कहा कि उनका किरदार उनकी खुद की जीवन यात्रा को दिखाता है।अपने किरदार के बारे में बात करते हुए तन्वी ने कहा, ऑडिशन के समय पुलिसकर्मी का यह किरदार बेहद कठिन लग रहा था। अभिनय के प्रति मेरे जुनून के कारण यह संभव हो पाया।उन्होंने कहा, ऐसे क्षण थे जब मुझे अपने संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कई दृश्यों के दौरान मुझे लगा कि मैं टूट रही हूं। लेकिन दृढ़ता के साथ मैंने यह सब किया।तन्वी सपनों को लगातार आगे बढ़ाने के महत्व पर जोर देती हैं।एक?ट्रेस ने आगे कहा, बाधाओं के बावजूद मैंने हमेशा एक कलाकार बनने की ख्वाहिश रखी है। इसी तरह मेरा किरदार प्रगति कभी भी चुनौतियों से पीछे नहीं हटती, और वह मजबूती मुझमें भी झलकती है।उनका किरदार युवा महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का प्रतीक है। तन्वी मल्हारा ने कहा, मैं पहले अपने निर्णय के लिए दूसरों पर निर्भर रहती थी। लेकिन अब, मैं अपनी पसंद खुद चुनने और परिणामों का डटकर सामना करने की ताकत रखती हूं। सावधान इंडिया अपनी खाकी स्टार भारत पर प्रसारित होता है।




# केट शर्मा ने सिजलिंग साड़ी पहन दिए सेक्सी पोज, एक्ट्रेस की हाटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमन



टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा ने एक बार फिर सोशल मीडिया का तापमान हाई कर दिया है. हर बार की तरह इस बार भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर हॉट वीडियो शेयर किया है. केट शर्मा ने पीच कलर की सिजलिंग साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहना है, लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े हैं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दे रही हैं. एक्ट्रेस का यह वीडियो सोशल मीडिया पर लगे हाथ वायरल होने लगा है. केट शर्मा ने पीच कलर की सिजलिंग साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहना है, लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े हैं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दे रही हैं. एक्ट्रेस का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद फैंस का दिल मचलने लगा है.

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा ने एक बार फिर सोशल मीडिया का तापमान हाई कर दिया है.

हर बार की तरह इस बार भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर हॉट वीडियो शेयर किया है. केट शर्मा भले ही फिल्मों में सफल नहीं हो पायी हो, लेकिन अपनी खूबसूरती और हॉटनेस से कई बालीवुड़ अभिनेत्रियों को पीछे छोड़ती नजर आती है। साथ ही फैंस एक्ट्रेस की खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.

# अपने फिल्मी करियर पर दिया बयान, कहा– किसी चूहे की दौड़ में नहीं, सार्थक फिल्में करना चाहती हूं

बिग बॉस 17 में सफल प्रदर्शन के बाद, अंकिता लोखंडे श्स्वतंत्र वीर सावरकरश के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अंकिता सावरकर की पत्नी यमुना बाई की भूमिका निभाएंगी, जिन्होंने अपनी खुद की परीक्षा का सामना किया, जबकि उनके पति ने अन्य लड़ाइयाँ लड़ीं। बिग बॉस 17 में सफल प्रदर्शन के बाद, अंकिता लोखंडे श्स्वतंत्र वीर सावरकरश के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अंकिता सावरकर की पत्नी यमुना बाई की भूमिका निभाएंगी, जिन्होंने अपनी खुद की परीक्षा का सामना किया, जबकि उनके पति ने अन्य लड़ाइयाँ लड़ीं। एक्ट्रेस ने एक विशेष साक्षात्कार में बात की और कहा कि वह फिल्मों की संख्या बढ़ाने के लिए किसी भी फिल्म में नहीं बल्कि सार्थक फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती हैं।अंकिता ने साझा किया कि उन्होंने एक करियर पथ चुना है जहां वह सार्थक सिनेमा से जुड़ना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि ष्मैं हर जगह नजर नहीं आना चाहती। मैं विशेष रूप से कुछ चीजों का हिस्सा बनना चाहती हूं। मैं इसी तरह रोल करना चाहती हूं, जिस तरह से मुझे चीजें पसंद हैं। मैं बहुत अलग तरह की भूमिकाएं करना चाहती हूं।

# भाटपाररानी के मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का हुआ आयोजन

## सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता अभियान-स्वीप के अंतर्गत आयोजित हुआ कार्यक्रम

ब्यूरो

देवरिया। बुधवार को भाटपाररानी स्थित मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र देवरिया के तत्वाधान में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम–स्वीप के अन्तर्गत जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी देवरिया प्रत्यूष पांडेय (आई.ए.एस.) ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में मतदान का महत्वपूर्ण स्थान है। अभी तक के मतदान आंकड़ों पर नजर डालें तो देवरिया जनपद में 56 फीसदी मतदान होता है और 44 फीसदी लोग मतदान में प्रतिभाग नहीं लेते हैं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 75 फीसदी मतदान सुनिश्चित कराना है। 75 वर्ष पूर्व मतदान का अधिकार हमें प्राप्त नहीं था। इस मतदान के अधिकार को पाने के लिये देश को बहुत कुर्बानियां देनी पड़ी द्य आगामी मतदान मे मतदान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास व जन जागरण की आवश्यकता है। निर्वाचक नियमावली तैयार करने में तहसील प्रशासन विकास विभाग, जिला प्रशासन वर्षों काम करता है। हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने महत्वपूर्ण समय में से कुछ समय मतदान के लिए निकले। यह कार्यक्रम युवाओं के बीच रखा गया है।



युवा स्वयं मतदान करें साथ ही साथ पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान के सभी पक्षों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि जो लोग सड़क पर आलोचना करते हैं, उन्हें मतदान में हिस्सा लेकर स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण करना होगा।इस क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनके कैरियर निर्माण हेतु तमाम टिप्स दिया तथा कहा कि किसी प्रतियोगी को केवल एक लक्ष्य पर आश्रित न रहकर बहुआयामी बनना चाहिये समारोह के अध्यक्ष संस्थान के प्रबंधक राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि प्रकृति पर युवाओं का उत्साह भारी पड़ा। जिससे कार्यक्रम सफल रहा। राष्ट्रीय पर्वों में मतदान सर्वश्रेष्ठ पर्व है।अच्छी सरकार के गठन हेतु जाति ,धर्म , भाषा, लिंग भेद से उपर उठकर कर मतदान करें। प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद्र गौड़ ने प्रतिकूल परिस्थितियों में कार्यक्रम की सफलता को लेकर आचार्यजन एवं संस्था के कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। लोकतंत्र में मतदान का श्रेष्ठ स्थान है। मतदान के बदौलत युवा अपने भविष्य में अच्छी, शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य उपलब्ध करा पाते हैं। जिससे बदौलत एक कुशल सरकार का गठन होता है। समारोह के आयोजक व प्रभारी नेहरू युवा केंद्र के जिला प्रभारी एवं जिला युवा अधिकारी विकास तिवारी ने कार्यक्रम के सभी पक्षों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। विपरीत परिस्थितियों में सफलतम कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम संचालन समितियां के प्रति आभार प्रकट किया। प्रख्यात विचारक डॉ पवन कुमार राय ने समारोह काम सुन्दर एवम सफल संचालन किया। समारोह में उप जिलाधिकारी भाटपार रानी हरिशंकर लाल, प्रोफेसर कमलेश नारायण मिश्र, प्रोफेसर सुधीर कुमार शुक्ल, प्रोफेसर राम अवतार वर्मा, डॉ राकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता लोकगीत गायन प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के आए परिणाम में भाषण प्रतियोगिता में प्राजंल मिश्रा प्रथम, अंकित मद्धेशिया द्वितीय आस्था अग्रवाल तृतीय विजेता रही।,नुक्कड़ नाटक में गुंजन कुमारी, रंजीत ठाकुर,व कुमारी नीशू का टीम अव्वल रहा।लोकगीत में आंचल तिवारी,आनंद कुमार, रिचा की प्रस्तुतीकरण सराहनीय रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रज्ञा यादव, निशा वर्मा, प्रीति यादव का धमाल रहा। पोस्टर प्रतियोगिता में श्रद्धा सोनकर, रिचा दुबे ,प्रीति कुशवाहा का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। रंगोली प्रतियोगिता में अर्पिता सिंह, अनामिका सिंह सिमरन वर्मा व अनुराधा शाह का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ माल्यार्पण से किया गया। संस्थान की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। समारोह में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गयी तथा अधिकतम मतदान हेतु पोस्टर लांच किया गयाद्य मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया द्य भारी बारिश के बावजूद कार्यक्रम में हजारों छात्र ६ छात्राओं ने प्रतिभाग किया

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का किया गया आयोजन

ब्यूरो

देवरिया। राजकीय महाविद्यालय इंदुपुर गौरी बाजार में कार्यशाला का आयोजन इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के जिला नोडल ऑफिसर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ )उदयभान की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें देवरिया जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय इंदुपुर गौरी बाजार देवरिया के नोडल अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र तिवारी ने लोकतंत्र को सफल बनाने में मतदान की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने में भारत निर्वाचन आयोग की भूमिका एवं उसके द्वारा संचालित स्वीप कार्यक्रम के बारे में एवं मतदाता जागरूकता के संबंध में विविध मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला इसी के क्रम में पीपीटी के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई साथ ही भारत निर्वाचन आयोग का मतदान गीत एवं मतदान से संबंधित कई वीडियो क्लिप दिखाया गया स इस वर्कशॉप की अगली कड़ी में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय



के प्राचार्य ने आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करने हेतु महाविद्यालय स्तर पर विविध कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने का आह्वान किया एवं लोगों को अपने महाविद्यालय में एवं अपने परिवेश में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जागरूक करने का निवेदन किया इस वर्कशॉप में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, विभिन्न महाविद्यालय के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के नोडल अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया

# लोक सभा निर्वाचन में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के हल्के वाहन प्रयोग में लाये जायेंगे

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। जिलाधिकारीध जिला निर्वाचन अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के प्रभावी अनुश्रवण हेतु अधिक संख्या में हल्के वाहनों की आवश्यकता पडेगी। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देशित किया गया है कि पूर्व में सम्पन्न निर्वाचनों की भांति इस निर्वाचन के लिए भी राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के हल्के वाहन प्रयोग में लाये जायेंगे। अधीनस्थ समस्त विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों को यह भी निर्देश दिया गया है कि जब भी जिला निर्वाचन अधिकारियों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के सम्बन्ध में गाड़ियों की आवश्यकता पडे, वे अपने सम्बन्धित विभागों की गाड़ियां ड्राइवरों की सेवाओं सहित उनके निवर्तन (डिस्पोजल) पर उपलब्ध करा दें। यह भी सुनिश्चित कर लें कि विभाग की मोटर गाड़ियां, जो जिलों में उपलब्ध है, ठीक और चालू हालत में रहे। पूर्व की भांति निर्वाचन व्यवस्था में प्रयुक्त की गई गाड़ियों का पेट्रोल, डीजल आयल का व्यय निर्वाचन विभाग द्वारा दिया जायेगा। शांति एवं सुरक्षा में प्रयुक्त गाडियों का ईधन गृह विभागध्नागरिक सुरक्षा अथवा अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा वहन किया जायेगा। इस आदेश का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने को कहा गया है।

# हत्या के प्रकरण में 01 अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास व 25,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

ब्यूरो देवरिया। ''ऑपरेशन कन्विक्शन'' के तहत जनपदीय पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप थाना गौरीबाजार पर पंजीकृत मु0अ0सं0– 502/2013 धारा–302 भादंसं में अभियुक्त दिनेश सिंह पुत्र भीम सिंह निवासी पथरहट थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया को मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर बुधवार को सश्रम आजीवन कारावास एवं 25 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। जिसमें एडीजीसी श्री मनीष सिंह, पैरवीकार थाना गौरीबाजार आ0 सुग्रीव चौहान, कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 कृष्ण मोहन एवं मानिटरिंग सेल प्रभारी नि0 चन्द्रिका प्रसाद जैशल का सराहनीय योगदान रहा।

# एक लग्जरी वाहन से 47 पेटी देशी शराब के साथ 2 शराब तस्कर गिरफ्तार

ब्यूरो

बनकटा देवरिया। थाना प्रभारी जय प्रकाश दुबे थाना बनकटा जनपद देवरिया के नेतृत्व मे उ0नि0 राघवेन्द्र सिंह, का0 नामवर सिंह यादव, का० प्रमोद यादव थाना बनकटा जनपद देवरिया द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम रतसिया मोड़ के पास से एक अदद टाटा सफारी वाहन संख्या UP15BK4702 से 47 पेटी बंटी बबली देशी शराब प्रत्येक पेटी में 45 शीशी प्रत्येक शीशी 200 ड्स कुल 423 लीटर अवैध देशी शराब के साथ दो अभियुक्त क्रमशः 01. जयराम कुमार सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह 02. जमशेद अंसारी पुत्र अनबर अंसारी निवासीगण बड़गांव ढुंढा टोला थाना मैरवा जनपद सिवान, बिहार अभियुक्तो को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।




# विद्यार्थियों को 'हिंदी भाषा में रोजगार' पर केंद्रित प्रशिक्षण देगा राजभाषा अनुभाग – प्रो. शुक्ला

प्रयागराज(आरएनएस)। कोई भी संस्थान शिक्षक, कार्मिक और विद्यार्थियों से बनता है। राजभाषा अनुभाग राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार के क्रम में अधिकारियोंध कार्मिकों को प्रशिक्षण देने का कार्य लगातार कर रहा है। आज हिंदी भाषा में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं किंतु इसमें मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन की आवश्यकता है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय का राजभाषा अनुभाग अपने विद्यार्थियों के लिए शहिंदी भाषा में रोजगार की संभावनाएँश विषय पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम नए सत्र से आयोजित करेगा। ये बातें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर नरेंद्र कुमार शुक्ला ने बतौर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष के रूप में गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वित्त वर्ष 23–24 की चतुर्थ तिमाही की बैठक मैं कहूं। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के समन्वयक प्रोफेसर संतोष भदौरिया स्वागत वक्तव्य के साथ पिछले एक वर्ष में राजभाषा अनुभाग द्वारा किए गए कार्यों से समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अवगत कराया तथा नैक टीम के प्रस्तावित निरीक्षण के दृष्टिगत इलाहाबाद विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के बोर्ड आदि पूर्ण रूप से द्विभाषी और एकरूपता में करने के साथ राजभाषा अनुभाग के प्रयास की चर्चा की। उन्होंने राजभाषा की गृह पत्रिका 'संकल्पना' का पांचवा अंक जो 'महिला सशक्तिकरण' पर केंद्रित है, उसके स्वरूप, विषयवस्तु आदि पर विस्तार से बात की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति द्वारा किए गए प्रशासनिक एवं अकादमिक उन्नयन के कार्यों को इस अंक में सम्मिलित किया जाएगा और इलाहाबाद विश्वविद्यालय की अन्य महिलाएं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किये हैं और कर रही हैं उनकी उपलब्धियों को इस अंक में शामिल किया जाएगा।इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रो. जया कपूर ने कहा कि हमें अपने शिक्षकों, अधिकारियों व कार्मिकों और विशेष कर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित करते रहना चाहिए। वित्त वर्ष 23–24 की चतुर्थ तिमाही की बैठक की कार्यसूची हिंदी अधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव ने प्रस्तुत की। जिसमे मुख्यतः कार्यशालाओं का आयोजन, कार्मिको एवं छात्र– छात्राओं हेतु राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में प्लेसमेंट कार्यालय के सहयोग से कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श कार्यक्रम का आयोजनय राजभाषा गृह पत्रिका "संकल्पना" के छठे अंक के प्रकाशन हेतु अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करना शामिल रहा। पिछली बैठक के कार्यवृत की पुष्टि के उपरान्त बिंदुवार विभिन्न मुद्दों पर उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपना–अपना परामर्श दिया।कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अनुभाग के हिंदी अनुवादक हरिओम कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य डॉ. दीनानाथ मौर्य ने किया। इस बैठक में समिति सदस्य प्रो. शबनम हमीद, प्रो. जया कपूर, डॉ शेफाली नंदन, डॉ. रतन कुमारी वर्मा, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. शक्ति शर्मा, डॉ गायत्री सिंह, डॉ विनम्र सेन सिंह, सुधाकर मिश्र, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रभात मिश्र आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# दंपती को घर में बंद कर जिंदा जलाने के मामले में सात गिरफ्तार

प्रयागराज(आरएनएस)। मुट्ठीगंज में विवाहिता की मौत के बाद आक्रोशित मायके वालों द्वारा सास–ससुर समेत चार लोगों को घर में बंद कर जिंदा जलाने के मामले में सात लोगों को मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी को मेडिकल के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद नैनी केंद्रीय कारागार में सभी को निरुद्ध कर दिया गया। इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए दर्जनभर लोगों को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद प्रथम दृष्टया जिन लोगों की भूमिका सामने आई उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

ज्ञात हो कि मुट्ठीगंज के सत्तीचौरा मोड़ के पास सोमवार की देर रात घर के भीतर चार लोगों को बंद कर आग लगा दी गई थी। इसमें टिंबर व्यवसायी राजेंद्र केशरवानी (65) व उनकी पत्नी शोभा देवी (60) जिंदा जल गए। बेटी शिवानी (24) और भयाहू लवली (30) भी झुलस गईं। लवली को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों की तहरीर पर व्यवसायी की बहू के मायके पक्ष के 10 नामजद समेत 82 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में पुलिस ने 12 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। पिता–पुत्र सरदारी लाल और उसके बेटे अंशू समेत मायके पक्ष के सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

शिवानी की तहरीर पर उसकी भाभी के मायके पक्ष के 10 लोगों को नामजद करने के अलावा 72 अज्ञात पर भी केस दर्ज कर लिया गया। आरोप है कि खुदकुशी की जानकारी मिलने पर भाभी के पिता–भाई व अन्य हमलावर आए और सभी को पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्हें घर के भीतर बंद कर आग लगा दी। इसमें उसके माता–पिता की मौत हो गई। एसीपी अतरसुइया पुष्कर वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम किया गया है। आरोपी पिता–पुत्र समेत 12 लोग हिरासत में हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। इससे पहले टिंबर व्यवसायी की बहू की खुदकुशी के मामले में भी केस दर्ज किया गया। पिता सरदारी लाल की तहरीर पर ससुराल पक्ष के 10 लोगों पर दहेज हत्या समेत अन्य आरोपों में एफआईआर लिखी गई। तहरीर में आरोप लगाया गया कि 20 लाख रुपये और बड़े मकान की मांग पूरी न होने पर घर की दूसरी मंजिल पर उनकी बेटी को फांसी लगाकर मार दिया गया।

# चकबंदी आयुक्त के आदेश का भी नही हो रहा है अनुपालन

## ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश, 22 मार्च को जिलाधिकारी से मिलकर करेगें न्याय की मांग

प्रयागराज(आरएनएस)। आज ग्राम गडौर, फुलपुर, प्रयागराज में अखिल भारतीय किसान महासभा के तत्वावधान में चुनाव आचार संहिता का ध्यान रखते हुए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से ग्राम गडौर में जारी चकबंदी में चकबंदी अधिकारियों और दलालों की मिलीभगत से हो रहें भर्ष्टाचार से पीड़ित किसानों ने बैठक की।




बैठक को सम्बोधित करते हुए अ भा किसान महासभा, जिला संयोजक प्रयागराज कॉम सुभाष पटेल ने कहा कि ग्राम गडौर में चकबंदी कर रहे अधिकारी कर्मचारी इस तरह भ्रष्टाचार में डूब गए हैं कि चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा पत्रांक 1224ध्ब दिनांक 8 जनवरी 2024 को दिए गए आदेश और जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा पत्रांक 409ध्एस टी–एलआर दिनांक 29 फरवरी 2024 दिए गए आदेश को भी नही मान रहे हैं, और असंवैधानिक तरीकों से गरीब ग्रामीण किसानों शोषण जारी किए हुए हैं।

ग्रामीण किसान कई बार एसडीएम फुलपुर सहित उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी पीड़ा कह चूके है, फुलपुर तहसील में अब तक अड़तालीस शिकायतें हो चुकी है लेकिन सुनवाई नही हो रही है,

ग्रामीणों में बहुत गुस्सा और नाराजगी है। ग्रामवासियों ने आज सामुहिक रूप से यह निर्णय लिया है कि किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल 22 मार्च को शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से जिलाधिकारी प्रयागराज से मिलकर न्याय की मांग करेगा।

बैठक में मुख्य रूप से प्रसिद्ध मजदूर नेता ऑल इंडिया सेंट्रल कॉउन्सिल ऑफ ट्रेंड यूनियंस ष्ऐक्टूष् राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी, गडौर चकबंदी भूप्रबंध समिति अध्यक्ष व गडौर ग्राम प्रधान हुबलाल, अभयराज यादव, सोनू सरोज, रमेश यादव, मौजीलाल पटेल, फूलचंद पाल, सुभास भारती, रामअचल पटेल, राजबहादुर पाल, संतलाल यादव, भानुप्रताप, सूर्यप्रकाश पटेल, श्यामलाल, रामजीत इत्यादि लोग शामिल रहे थे।

# दो पक्षों में हुआ जमकर बवाल, मौके पर पहुचे चौकी प्रभारी

प्रयागराज(आरएनएस)। थाना सिविल लाइंस इंदिरा भवन बाजार में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। सिविल इंदिरा भवन की शॉप नम्बर जी 28 ग्राउंड फ्लोर ज्ञान मोबाइल शॉप दुकानदार के दुकान मे घुसकर दर्जनों अज्ञात लड़कों ने तोड़फोड़ की।जानकारी के अनुसार कृष्णा मिश्रा नामक युवक जो मोतिसिनगंज प्रयागराज का रहने वाला है युवक कक्षा 8 का छात्र है वह ज्वाला देवी इंटर कॉलेज में पड़ता है। ज्ञान मोबाइल शॉप में उसका परिचय था जहां वह परिचय होने के कारण आता जाता था। बुधवार को अचानक दर्जनों लड़के आए कृष्णा मिश्रा



को मारने पीटने लगे किसी तरह जान बचाकर ज्ञान मोबाइल शॉप के अंदर भागा। लड़के ज्ञान मोबाइल शॉप के अंदर घुसकर से मारपीट करने लगे और दुकान मे तोड़फोड़ कर दी। कृष्णा मिश्रा ने बताया कि हमारे स्कूल के लड़कों के कहने पर यह लोग मुझसे पैसे वसूलने आए थे पैसे नहीं देने पर मारपीट करने लगे मैं उनलोगो को जानता भी नहीं हूँ ये लोग जबरदस्ती मुझे गुंडा टैक्स वसूल रहे हैं। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस तीन लड़कों को हिरासत में ले लिया लड़के अशोक नगर के रहने वाले एक लड़के का नाम अमर है दो अज्ञात बाकी सब फरार हो गए पुलिस जांच कर रही है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।